# जिला सहकारी बैंक में हुआ भारी फर्जीवाडा, करोड़ो का किया भ्रष्टाचार

## छह माह से चल रही जांच नही हो रही कार्यवाही

**पन्ना।** जिला सहकारी के केंद्रीय बैंक (मर्यादित) पन्ना में वर्ष 2017 से 2023 के बीच तात्कालीन महाप्रबंधक मानवेंद्र सिंह, लिपिक अनुपमा सिंह, पुस्पेंद्र बुंदेला, लेखापाल राजेश कोरी, अंजली असाटी द्वारा अपनी आईडी से बीजीएल अकाउंट से कई करोड़ की राशि अपने परिजनों और अन्य खातों में स्थानांतरित कर गबन के आरोप सामने आए है। जिसकी लिखित शिकायत उपरांत जिला महाप्रबंधक एस के कनौजिया द्वारा 18/09/2023 को पत्र क्रमांक 1153 जारी कर अमित श्रीवास्तव और इलियास खान को 7 दिवस में जांच प्रतिवेदन के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन जांच दल के सदस्यों की मांग पर 29/01/2024 को पत्र क्रमांक 1940 जारी कर पांच सदस्यीय टीम गठित कर टीम को 17 दिवस अर्थात 16 फरवरी 24 तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया। लेकिन आज दिनांक तक सब गड़बड़झाला ही चल रहा है और इस जांच दल में जिला महाप्रबंधक एस के कनौजिया की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई जिसमे 5 सदस्यीय जांच दल में मानवेंद्र सिंह को भी जांच दल




का सदस्य बना कर जांच में लीपापोती का इंतजाम कर लिया गया लेकिन लगातार शिकायतों के बाद जांच दल से मानवेंद्र सिंह को हटाने की जानकारी सामने आई है। शिकायत के 6 माह बीत जाने के बाद भी जांच का पूर्ण न हो पाना अपने आप में जिला महाप्रबंधक की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। लगातार शिकायतों के बाद जिला महाप्रबंधक जो की सरकारी राशि के गबन में फसे कर्मचारियों को बचाने की कवायद में जुटे है उनके द्वारा जारी एक नोटिस (जिसमे अनाधिकृत रूप से आहरित राशि को जमा करने के आदेश हैं) इस बात का सबूत है की अमानत में खयानत करने वाले कर्मचारियों पर किस कदर जिला महाप्रबंधक मेहरबान है। गबन कैसे हुआ जिला सहकारी बैंक(मर्यादित) में एक डाटा रजिस्टर होता है जिसे बीजीएल अकाउंट के नाम से जाना जाता है जिसमे बैंक में आने वाली राशि और आहरित राशि (मय विवरण के)का विवरण होता है। इसमें राशि का आहरण बैंक में पदस्थ लिपिक द्वारा बाउचर भर के लेखपाल द्वारा पास कराया जाता है और राशि बाउचर के आधार पर एनईएफटी/आरटीजीएस/ट्रांसफर के माध्यम संबंधित खाते में स्थानांतरित हो जाती है जिसपर लेखा प्रबंधक द्वारा वेरिफिकेशन किया जाता है की उक्त राशि का आहरण सही जगह हुआ है या नही। इसी दौरान लिपिक, लेखापाल और लेखाप्रबंधक की मिली भगत से राशि को अपने परिचित, स्वजनों के। खाते में डाल कर गबन किया जाता है। गबन का मास्टरमाइंड कौन सूत्रों की माने तो तात्कालिक लेखा प्रबंधक द्वारा साजिशन लिपिक और लेखापाल के साथ मिलकर लगभग कई करोड़ की हेराफेरी कर दी है लेकिन 2017 से 2023 के बीच हुआ ये गबन जमींदोज इसलिए रहा क्युकी मानवेंद्र सिंह जिले में ही महा प्रबंधक बन बैठा, वही सूत्रो की माने तो एक लेखापाल द्वारा बकायदा अपनी आईडी से हुए इस गबन के संबंध में एक पत्र लिखकर उस दौरान हुए इस गबन की जानकारी दी गई थी और और ये उल्लेख किया गया था की जब राशि का आहरण हुआ उस दौरान उक्त लेखापाल अवकाश पर था। अगर ऐसा था तो जांच उस समय क्यों नहीं हुई। बीजीएल खातों से हुए इस घोटाले में जांच की कछुआ चाल वर्तमान जिला महाप्रबंधक एस के कनौजिया के बेदाग क्षवि और शाख पर बट्टा लगाते दिख रही है। वैसे भी सहकारिता विभाग अपने घोटालों और अनियमितताओं के लिए हमेशा सुर्खिया बटोरते रहा है अभी हाल ही में छतरपुर में समिति प्रबंधक भर्ती के मामले में सागर संयुक्त संचालक शिवेंद्र पांडे पर भी घूसखोरी के संबंध में खबरे प्रकाशित हुई है। फिलहाल तो जिला महाप्रबंधक द्वारा घोटालेबाजों को रकम जमा करने के आदेश से तो यही परिलक्षित होता है की चोरी करिए उपयोग करिए उपभोग करिए और जब राज खुल जाए तो राशि जमा कर सारे पापों से मुक्त हो लीजिए। अब तो ये हाल है की जांच जैसी चले चले लेकिन किसी भी तरह से बैंक के अंदर की जानकारी बाहर न जाए ताकि लापरवाहों को बचाया जा सके।

### इनका क्या कहना है

जांच चल रही है अभी जांच पूरी होने में वक्त लगेगा,और शिकायतों के आधार पर मानवेंद्र सिंह को जांच दल से हटा दिया गया है

**एस के कनौजिया**
**महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक मर्यादित पन्ना**

आपकी जानकारी के आधार पर मैंने जांच के लिए पत्र लिखा है और शासन से भी पत्र जा चुका है जांच होगी और दोषियों पर कार्यवाही भी होगी।

**मनोज सरियाम सहकारिता विभाग पंजीयक भोपाल सहकारिता विभाग**

आप की जानकारी के आधार पर में जिला महाप्रबंधक जी से बात करके आगे की कार्यवाही के लिए निर्देशित करता हुँ।

**मनोज गुप्ता एपेक्स बैंक महा प्रबंधक भोपाल**

आपकी सूचना प्राप्त हुई है जांच चल रही है एक दो दिन में जांच प्रतिवेदन मगवाता हु उसके आधार पर एफआईआर या क्या सजा का प्रावधान है तय करता हु क्योंकि जांच के बाद कार्यवाही तो मुझे करनी है कोई भी दोषी बक्शा नही जायेगा

**एस एस झा कोर्ट कॉमिस्नर सहकारिता विभाग**

आप सभी जानकारी वाट्सअप में भेज दीजिए मैं अभी व्यस्त हूं दिखवाती हूं।

**दीपाली रस्तोगी प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग मध्यप्रदेश शासन**

# प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी बाबा साहब के सामाजिक समरसता के कार्य को आगे बढ़ा रहे: बृजेन्द्र प्रताप



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा प्रदेश सह मीडिया से प्रभारी आशीष तिवारी व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संविधान निर्माता और सामाजिक समरसता के पुरोधा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को कोतवाली चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद बाबा साहब अमर रहे के जयघोष के साथ जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह नें संबोधन में कहा कि स्वयं के जीवन में कष्ट, परेशानी और मान-अपमान सहकर दलितों, शोषितों, वंचितों के हकों की लड़ाई लड़ते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने किया है। सभी वर्गों को साथ लेकर उनके हितों को ध्यान में रखकर बाबा साहब द्वारा बनाए संविधान की वजह से आज दुनिया के सबसे बड़ा लोकतंत्र गौरवान्वित हो रहा है। सामाजिक समरसता को कायम करने के लिए उन्होंने स्वयं के मान-अपमान को भूलकर कार्य किया है।

# कांग्रेस पार्टी ने मनाई बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती



**पन्ना।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती कांग्रेस पार्टी द्वारा धूम धाम से मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय अंबेडकर चौराहे पर उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह के नेत्रत्व में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हे याद किया तथा कहा कि हमारे देश के लिए संविधान निर्माण करने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्ही के द्वारा बनाये गये संविधान पर हमारा देश चल रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीकान्त दुबे ने कहा कि बाबा साहब के पद चिन्हो पर चलकर हमें देश के विकास मे योगदान देना है। इस अवसर पर जीवन लाल सिद्धार्थ, पुरुषोत्तम जड़िया, मनीष मिश्रा, अनीस खान, अक्षय तिवारी, रशीद सौदागर, अक्षय तिवारी, रेहान मोहम्मद, वैभव थापक, जितेंद्र जाटव, राज बहादुर पटेल, भूपेंद्र सिंह, रियासत खान, अवधेश यादव, सरदार सिंह यादव, धर्मेंद्र अहिरवार, रामदास जाटव, अभिषेक चौरसिया, शाकिर खान, शहवाज खान, शकील खान, रामेश्वर शिवहरे, रामगोपाल शिवहरे, सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र स्थापित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र मुख्यालय पन्ना में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में स्थापित सुविधा केन्द्र के लिए मतदान दल भी गठित किया गया है। दल में सहायक प्राध्यापक अंकिता सोनी को अनुप्रमाणन अधिकारी, सहायक शिक्षक मुन्नालाल मिश्रा को पीठासीन अधिकारी और माध्यमिक शिक्षक राकेश तिवारी को मतदान अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र 23 से 25 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित रहेगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर सुविधा केन्द्र पहुंचकर संबंधित लोकसेवक द्वारा मतदान किया जा सकेगा।

# आबकारी उड़नदस्ता द्वारा चार अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब पकड़ी गयी

**पन्ना।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शम्भूदयाल जाटव के नेतृत्व में आबकारी जिला उड़नदस्ता द्वारा चार अलग अलग स्थानों से अवैध शराब पकड़ी गयी। उड़नदस्ता प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुराने पन्ना में कमला बाई ताल के पास एक खेत पर दबिश देकर विधिवत तलाशी ली गयी। जहाँ आरोपी बसंत प्रजापति पिता ज्ञानी प्रजापति उम्र 23 वर्ष द्वारा खेत में एक गड्ढा बनाकर अवैध शराब छिपाई गयी थी। आबकारी



उड़नदस्ता द्वारा जब उस गड्ढे को खोदा गया तो उसमें अलग अलग प्लास्टिक के कुप्पों में लगभग 10 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब और लगभग 60 लीटर महुआ लाहन बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7500 रुपये आँकी गयी। आरोपी के पास इस अवैध मदिरा के सम्बंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस नही पाया गया। अत: आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) का आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर ग्राम जनवार में तीन अलग अलग रिहायशी मकान में दबिश दी गयी। तीनों स्थानों पर अवैध शराब जप्त की गयी। श्रीमती अभिलाषा कुशवाहा पति मनोज कुशवाहा उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब और 20 लीटर महुआ लाहन जप्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3500 रुपये है। आरोपी जयपाल यादव पिता मुन्ना यादव उम्र 37 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब और 15 लीटर महुआ लाहन कीमत 2700 लीटर जप्त किया गया। इसी तरह ग्राम जनवार से ही आरोपी वीरसिंह यादव पिता हेत सिंह यादव की किराने की दुकान और आटाचक्की से 20 पाव देशी शराब सादा कीमत 1400 रुपये जप्त की गयी है। चारो आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शम्भूदयाल सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय, आबकारी आरक्षक स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, सोनू राजा बुन्देला और सोहेल खान शामिल रहे।

## कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत एसएसटी दल के दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतने पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी अंकित उपाध्याय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एव्हीएफओ अंकित उपाध्याय की ड्यूटी एसएसटी दल में थाना सिमरिया अंतर्गत नाका सिमरिया रैकरा में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक निर्धारित की गई थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 13 अप्रैल को रात्रि 11.50 बजे नाके का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित को ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित पाए जाने और उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में निहित प्रावधानों के विपरीत होने पर निलंबन/वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही के संबंध में शो-कॉज नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

# सरभंगा के जंगल में बाघों के कुनबे में वृद्धि, बाघिन ने तीन शावकों को दिया जन्म

सतना

मझगवां वन क्षेत्र में के सरभंगा के जंगल में बाघों के कुनबे में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं अब 6 वर्षीय चितहरा वाली बाघिन ने दूसरी बार शावकों को जन्म दिया है। बाघिन ने इस बार तीन शावकों को जन्म दिया है। मझगवां वन क्षेत्र में अब दो दर्जन बाघों की हुई मौजूदगी हो चुकी है।

**बाघों का कुनबा बढ़ने से वन विभाग ने खुशी जताई है**

जंगल में चितरहा वाली बाघिन तीन शावकों के साथ



दिखी है। शावकों की उम्र एक माह से अधिक लग रही है। छह वर्षीय चितरहा ने दूसरी बार शावकों को जन्म दिया है। बाघों का कुनबा बढ़ने से वन विभाग ने खुशी जताई है। इनकी सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

**वन परिक्षेत्र के सरभंगा जंगल में करीब 12 बाघ हैं**

मझगवां वन परिक्षेत्र के सरभंगा जंगल में करीब 12 बाघ हैं। ये यूपी और एमपी के जंगलों में विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के लिए इनकी सुरक्षा की चुनौती भी है। तराई के जंगल में बाघों की बढ़ती संख्या से पर्यावरण प्रेमी भी खुश हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के उपनिदेशक डॉ. एनके सिंह ने बताया कि बाघिन और उसके शावकों की चहलकदमी की जानकारी मिली है। इनको सुरक्षित रखने के उपाय किए जाएंगे।

## लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल 25 अप्रैल को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से सामग्री वितरण उपरांत मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। दल के मतदान केन्द्रों पर सकुशल पहुंचने व अन्य वांछित रिपोर्ट पीठासीन व सेक्टर अधिकारी से प्राप्त कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय प्रेषित करवाना सुनिश्चित करने के लिए विधानसभावार लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। पवई विधानसभा के लिए खनिज निरीक्षक नूतन जैन एवं लैब टेक्नीशियन दिव्या वाहने, गुनौर विधानसभा के लिए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक कविता खरे एवं सहायक ग्रेड 3 मालती आर्यन और पन्ना विधानसभा के लिए परियोजना अर्थशास्त्री सुनीता श्रीवास एवं सहायक ग्रेड 3 अदिला खान की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# 20 से 22 अप्रैल तक पीव्हीसी में कर सकेंगे मतदान

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आवश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाताओं को डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीव्हीसी) स्थापित कर सामान्य मतदान की नियत तिथि से तीन दिवस पूर्व तक संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में पीव्हीसी स्थापित किया गया है। निर्धारित तिथि तक फॉर्म 12 डी भरकर जमा कराने एवं सहमति प्रदान करने वाले आवश्यक सेवाओं से संबंधित लोकसेवक और पत्रकारगण पीव्हीसी में पहुंचकर मतदान कर सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने पीव्हीसी के लिए मतदान दल की ड्यूटी भी निर्धारित की है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा को पीठासीन अधिकारी एवं एव्हीएफओ रमेशचन्द्र लखेरा को मतदान अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता ताम्रकार को अनुप्रमाणन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। पोस्टल वोटिंग सेन्टर 20 से 22 अप्रैल तक कुल तीन दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित रहेगा।

# मोरवा विस्थापन पर गतिरोध जारी

**सिंगरौली।** जयंत एवं दूधिचुआ खदान के विस्तार हेतु मोरवा के विस्थापन में धारा 9 लागू कर दी गई। इसके बाद से ही स्थानीय लोग सत्ते में हैं और आए दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से पुनर्वास व मुआवजे की राशि एवं अन्य मुद्दों पर रणनीति बनाई जाती है। पूर्व में भलुगड एवं खि़रवा, पड़ताली जैसे पुनर्वास स्थल का मुद्दा प्रमुख था। परंतु लगभग सभी संगठनों द्वारा एक एक सूर से मुख्यालय के नए स्थल के साथ पुनर्वास स्थल को जोड़ने की बात के बाद यह मुद्दा आम होता नजर आ रहा है। पर अभी भी मुआवजे की राशि और विस्थापन को लेकर पेंच बरकरार है। बीती शाम मोरवा में सिंगरौली पुनर्वास मंच की बैठक आहूत हुई, जहां करीब एक सैकड़ा लोग उपस्थित रहे। जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि एनसीएल प्रबंधन द्वारा गणना पत्रक की विवेचना के पूर्व कंपनी द्वारा कराए जाने वाला सर्वे का कार्य ना हो। उन्होंने अपनी मंशा स्पष्ट की की एनसीएल प्रबंधन विस्थापन को लेकर अपना मैप स्पष्ट करें। इसके अलावा तीव्र ब्लास्टिंग एवं एवं परिसंपत्तियों का मूल्यांकन का विषय भी यहाँ प्रखर रहा।

इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र में आवंटित दुकान एवं आवासी परिसरों के मुआवजे की बात भी प्रमुख रूप से यहाँ छाए रहे। यहां मौजूद लोगों का कहना था कि लीस पर ली गई निगम की जमीन और उसपर किया गया निर्माण का भुगतान लोगों द्वारा नगर निगम को करवाया किया गया है। इसके साथ ही संपत्ति कर, भू भाटक, जलकर आदि करों का भुगतान समय-समय पर लोगों द्वारा किया जा रहा है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामंग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा पोलीटेक्निक कालेज पचौर बैढ़न में पहुचकर मतदान सामांग्री वितरण स्थल विधानसभा वार का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि मतदान कार्य में लगे हुये पीठासीन अधिकारी एव दल में सम्मलित अधिकारियो को मतदान सामंग्री का वितरण पोलीटेक्निक कालेत पचौर बैढ़न से तीनो विधानसभाओ का किया जाना है। जिसकी व्यवस्थाओ का जायजा लेने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा लिया गया। साथ ही विधानसभावार पार्किग की जाने वाली वाहनो के साथ साथ साफ सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, खनिज अधिकारी ए.के राय, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, कार्यपाल यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री चौरसिया सहित व्यवस्थाओं में लगे हुये अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता तहत आयोजित ऑनलाइन क्विज, स्लोगन लेखन, चित्रकला एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले मे 19 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे इसलिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा नोडल अधिकारी स्वीप गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व मतदाता जागरूकता के लिए वभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिसके तहत ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के तृतीय चरण आयोजन 10 अप्रैल 2024 को किया गया जिसमें 2315 प्रतिभागियों ने भाग लिया इसी प्रकार ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 1189 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही विद्यालयों में चित्रकला एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में युवाओं विशेषकर महाविद्यालयों , तकनीकी संस्थानों, स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।साथ ही विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी भागीदारी की। ऑनलाइन क्विज में प्रथम स्थान- संदीप कुमार कनौजिया , द्वितीय स्थान -अपर्णा एवं तृतीय स्थान - राहुल त्रिपाठी ने प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रू.2100 रू1500 एवं रू 1000 की राशि दी गई। ऑनलाइन स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान- पल्लवी कुमारी , द्वितीय स्थान -तरुणा पांडे एवं तृतीय स्थान - मनोज कुमार शाह ने प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रू1500, रू1000 एवं रू500 की राशि दी गई। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- सुहानी साकेत माध्यमिक विद्यालय हर्रई पूर्व, द्वितीय स्थान- रोशनी साकेत हाई विद्यालय शाहपुर, तृतीय स्थान अनुराग सेन हाई विद्यालय शाहपुर ने प्राप्त किया। पत्र लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- प्रतिभा साकेत माध्यमिक विद्यालय हर्रई पूर्व, द्वितीय स्थान- आंचल भारती माध्यमिक विद्यालय हर्रई पूर्व, तृतीय स्थान अभिषेक साकेत माध्यमिक विद्यालय हर्रई पूर्व ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त क्विज एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले अन्य 10-10 प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्र शेखर शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा को रिकॉर्ड मतों से चुनकर भेजें दिल्ली, एक भी वोट व्यर्थ न गमाएं : शिवराज

## लाड़ली लक्ष्मी अब बनेंगी लखपति बहने

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के जन समर्थन हेतु मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बीजेपी के स्टार प्रचारक शिवराज सिंह चौहान ने सीधी लोकसभा क्षेत्र के धौहनी विधानसभा के महुआगांव में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया।

विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस बैसाखी पर खड़ी है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सोनिया गांधी भाजपा की आंधी देखकर, रण छोड़ चुकी हैं अर्थात स्वयं चुनाव नहीं लड़ रही हैं।

कांग्रेस ने भगवान श्री राम को काल्पनिक बताया, भव्य राम मंदिर का विरोध किया और उसके लोकार्पण में नहीं आया। धारा 370 लगाकर देश की एकता और अखंडता के साथ खिलवाड़ किया।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा हो गई है कि उसे प्रत्याशी ढूंढे नहीं ढूंढ नहीं मिल रहे हैं। स्व सहायता समूह के माध्यम से लखपति



बनेगी हर बहने। लाडली लक्ष्मी बहनो को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहां की लाडली लक्ष्मी बहने स्व सहायता समूह के माध्यम से लखपति बनेंगी। हर बहन बेटी का स्वाभिमान ऊपर उठेगा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर है। पहले पिद्दी पिद्दी से देश हमें आंखें दिखा कर, हमें डराते और धमकाते थे। किंतु आज का भारत, रूस और यूक्रेन का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक फोन से तिरंगे कि शान में युद्ध विराम होता है और हमारे बच्चे वहां से सकुशल स्वदेश वापस आते हैं। केवल हमारे देश के ही बच्चे नहीं बल्कि मुस्लिम राष्ट्रों बांग्लादेश और पाकिस्तान के भी बच्चे हाथ में तिरंगा लिए सकुशल स्वदेश वापस लौटते हैं। यह मोदी जी के समर्थ का परिणाम है ।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की परिश्रम की पराकाष्ठा है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्टार प्रचारक शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने डॉक्टर राजेश मिश्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है ।डॉ राजेश मिश्रा को रिकॉर्ड मतों से चुनकर सांसद बनाएं। विकास की गारंटी भारतीय जनता पार्टी की सरकार की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों हाथ जोड़कर जनता जनार्दन का अभिनंदन करते हुए कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। मैं आपके स्नेह के कारण दिनभर से भूखा ही हूं, क्योंकि कार्यक्रम लेट हो रहा था। तुमने बुलाया और हम चले आए अपने चित्र परचित अंदाज में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा का व्यक्तित्व समाजसेवी का है। डॉक्टर मिश्रा आपकी सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा ने दोनों हाथ जोड़कर जनता का किया अभिनंदन कर, मांगा आशीर्वाद ।भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ने अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी लोग मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान करें। मैं सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी और डॉक्टर राजेश मिश्रा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगे। धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता और विशेष रूप से धौहनी क्षेत्र की जनता जनार्दन शिवराज सिंह से बहुत स्नेहा रखती है ।आपको पाकर हम सभी गौरवान्वित हर्षित और प्रफुल्लित हैं। निश्चित रूप से आप सभी का यह उत्साह भारतीय जनता पार्टी के को रिकार्ड मतों से विजयश्री दिलाने में सक्षम होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कांति देव सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दू तिवारी, विधायक श्रीमती रीति पाठक, विश्वामित्र पाठक, सिंगरौली जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, लोकसभा प्रभारी कमलेश्वर सिंह, लोकसभा संयोजक के के तिवारी गिरीश द्विवेदी, अभ्युदय सिंह, नरेश शाह, अजय पाठक, प्रणव पाठक, रामप्रसाद बैद, डॉक्टर यू के श्रीवास्तव सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने ज्वाइन की भाजपा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आधार सैकड़ा से अधिक जनप्रतिनिधि पंच सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# प्रत्येक वोट जरूरी है पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

## प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है

**प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये का होगा पुरस्कार**

**चयनित 10 प्रतिभागियों को 5100 रुपये का दिया जाएगा विशेष पुरस्कार**

**सीधी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि उचण्उलहवअण्पद पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

**विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि**

प्रथम पुरस्कार 51,000 एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 21,000 एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 11,000 एवं प्रमाण पत्र, 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**नियम एवं शर्तें**

प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।

# चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सीधी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। श्री राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित या प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग या प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये व भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली, प्रदर्शित फोटो, मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

# धौहनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

## मतदान कर्मियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का वितरण किया गया

**महिला मतदान कर्मियों के लिए मंगलवार को होगा अतिरिक्त प्रशिक्षण**

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को मतदान कराया जाएगा। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार मतदान दलों को 12 से 15 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 20 कमरों में चार-चार



मतदान दलों के अनुसार किया गया। सोमवार को धौहनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी कमरों में सेक्टर ऑफिसर्स भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त महिला मतदान दलों के सदस्यों को मंगलवार को अतिरिक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। उक्त प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ.पी.के. सिंह, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, डॉ. के.बी. सिंह, डॉ. आर.वी.एस. चौहान, डॉ. दिलीप सोनी के निर्देशन में संपन्न हो रहा है। प्रशिक्षण में संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को वृहद रूप में समझाया गया। विशेष रूप से ईव्हीएम संचालन तथा प्रपत्रों एवं दस्तावेजों को सही तरीके से भरने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के बाद उनकी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के द्वारा परीक्षा भी आयोजित की गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दल में शामिल पीठासीन तथा मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है, जिसके आधार पर वह जिस मतदान केंद्र में ड्यूटी कर रहे हैं, वहीं अपना मतदान कर पाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से आईटी सेल द्वारा मत प्रतिशत ऐप को डाउनलोड कर संचालन का प्रशिक्षण भी मनीष सिंह के नेतृत्व में दिया जा रहा है।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरूकता के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन

**सीधी।** सीधी जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 19 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान मे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस हेतु जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी राहुल धोटे के निर्देशन में स्वीप दल द्वारा महिलाओं, युवाओं, वृद्धजन के बीच जाकर मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इसी कड़ी में जिले के 18 कॉलेज एवं 108 हायर सेकण्ड्री विद्यालयों में ईएलसी की गतिविधियां की गई, 18 कॉलेजो में 36 कॉलेज एम्बेसडर के द्वारा 48967 कॉलेज विद्यार्थियों को मतदान



हेतु जागरूक किया गया। पैदल रैली, मानव श्रृंखला एवं स्कूटी रैली के माध्यम से 73596 मतदाताओं को जागरूक किया गया, वाहनो, ठेलो, गैस सिलेण्डर एवं टीएचआर पैकेट मे जिले में 10000 स्टीकर लगाकर मतदाताओ को जागरूक किया गया। जिले में 5000 दीवारों मे मतदाता जागरूकता के नारे लेखन का कार्य किया गया, मतदाताओ को शपथ दिलाकर, जिले के 148 हॉट बाजार मे मतदाता जागरूकता गतिविधियां की गई, किसानो एवं निमार्णाधीन कार्य स्थलो मे श्रमिको के मध्य जाकर मतदाता जागरूकता गतिवधियां की गई। इसी तरह चौत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरो मे स्वीप दल द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधयां की जा कर शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# गुरु रविदास विश्व महापीठ ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती का किया भव्य आयोजन

**सीधी।** गुरु रविदास विश्व महापीठ जिला सीधी के अध्यक्ष शिवदान साकेत के नेतृत्व में सीधी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर, ग्राम पंचायत कुकुड़ीझर, ग्राम पंचायत पिपरोहर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 133वी जयंती बड़े भव्य एवं हर्षोल्लास से मनाई गयी। सीधी विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती रीति पाठक ने कहा बाबा साहब स्वयं के जीवन में कष्ट परेशानी अपमान सहकर दलित शोषित वंचितों के हकों की लड़ाई लड़कर उनको स्वाभिमान एवं सम्मान से जीना सिखाया। गुरु



रविदास विश्व महापीठ के जिला अध्यक्ष शिवदान साकेत ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न धर्म जातियां भाषा संस्कृति एवं विविधिताएं है ऐसे देश में संविधान लिखना आसान काम नहीं था लेकिन बाबा साहब में अनेक देशों के संविधान को पढ़ा और हमारे देश के लिए जो अच्छा मिला उसे संविधान में जोड़कर एक समदर्शी समनार्थी विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान दिया अगर संविधान को सही मायने में एक दिन के लिए लागू कर दिया जाए तो भारत को विश्व गुरु एवं समृद्धि शाली राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम को भाजपा महामंत्री विनोद साकेत, वरिष्ठ नेता विश्वबंधुधर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, राजकरण सिंह, बृजेन्द्र साकेत, हरिकेश साकेत एवं हुब्बलाल केवट ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति समाज के लोगों के लिए चलाई जा रही है जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया और नरेंद्र मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेत्री श्रीमती सुमन साकेत, पिपरोहर सरपंच श्रीमती अनीता साकेत, उपसरपंच राजेन्द्र सिंह चौहान, सरपंच प्रतिनिधि सुफल साकेत, आनंद सिंह, गोपाल सिंह, प्रेमलाल सिंह, भाजपा नेता जगजीवन यादव, महेन्द्र जायसवाल, बालेन्द्र कुशवाहा, राजेश चौबे, रामजस गौतम, शत्रुघ्न सिंह, राजधर सिंह, रामलाल साकेत, बैजनाथ साकेत, रामदास साकेत, देवशरण साकेत, रघुनाथ साकेत, तेजभान साकेत, विनोद साकेत, हनुमान साकेत, रमेश साकेत, राम सिया साकेत, राजेश साकेत, दीपक साकेत, गीता साकेत, गुड़िया साकेत, रजनीश साकेत, शिवा चौधरी, आकाश साकेत, विकास साकेत, उपसरपंच मुकेश गुप्ता, पूर्व सरपंच गुड़िया साकेत, शिवरतन साहू, रामलाल जयसवाल तथा काफी संख्या में ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

# नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी द्वारा किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सीधी।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सीधी के जिला समन्वयक श्री शिव दत्त उर्मलिया जी के निर्देशन और ब्लॉक समन्वयक अनिल कुमार पाठक जी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला सीधी के विकास खंड सिहावल अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 05 कुबरी के ग्राम तेंदुहा क्रमांक 01 में नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी के अध्यक्ष श्री रविशंकर मिश्र जी,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्र ष्टस्र्ष्टस्ठकके परामर्शदाता श्री गोविंद गौतम जी के मुख्य आतिथ्य में




नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम किया गया जिसमे परामर्श दाता संदीप नामदेव,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुबरी के अध्यक्ष,श्री कृष्ण कुमार शुक्ला, सचिव श्री मृत्युंजय प्रसाद गौतम, एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पोखड़ौर के अध्यक्ष श्री राजीव मिश्रा सचिव श्री आशीष मिश्रा जी, सदस्य श्री आकाश मिश्रा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पुजौही के देवी प्रसाद गौतम ,दिव्यप्रकाश गौतम प्रस्फुटन समिति रजडिहा से शुभम तिवारी एवं प्रस्फुटन समिति तेन्दुहा नं.1 के अध्यक्ष श्री अभिमान प्रजापति एवं सचिव श्री हिन्छबली प्रजापति,सामाजिक कार्यकर्ता मीरा गौतम,चंदा मिश्रा, एवं समाजकार्य स्नातक पाठ्यक्रम के छात्र सागर सिंह प्रस्फुटन समिति मरसरहा, प्रस्फुटन समिति दूअरा कला, प्रस्फुटन समिति कुबरी, प्रस्फुटन समिति मऊ, कुचावाही, खोरी, गजरही, खोचीपुर, शरदा की समिति के सदस्य और अन्य ग्रामीण जन की उपस्थिति में दीवाल में नारा लेखन,गांव गांव में मतदाता जागरूकता रैली,नाटक , नुक्कड़,के माध्यम से सफलतापूर्वक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सके।

# यह चुनाव भारत के महान संविधान को बचाने का है : अजय

**सीधी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की चुनावी सभाएं हुई।**

**कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रदेश के नेताओं की सभाएं हुई।**

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने आज सीधी, सिंगरौली और शहडोल क्षेत्रों में पहुंचकर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुये कहा कि यह चुनाव भारत के महान संविधान को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशिसों की जीत ही संविधान को बचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि क्यों प्रधानमंत्री मोदी जी पूरे देश में चार सौ पार सीटें जीतने का ढ़िढ़ोरा पीट रहे हैं। वे इसलिये बोल रहे हैं कि तीन चैथाई बहुमत के आधार पर बाबा साहेब अम्बेडकर के बनाये संविधान को मिटा दें और अपने अनुरूप नियम कानून बनाये। लेकिन ऐसा होगा नहीं यह केवल भाजपा का भ्रम और सपना है। उनके इस भ्रम को तोड़ने के लिये आपका सहयोग का साथ बहुत जरूरी है। नहीं तो यह जानिये कि सब कुछ हांथ से निकल जायेगा। इस मायने में यह आम चुनाव बहुत लोकतंत्र को बचाने के लिये सबसे महत्वपूर्ण अजय सिंह ने कहा कि मोदी जी ने तो 2014 और 2019 में भी बड़े-बड़े वादे जनता से किये



थे। वे गारंटियाँ तो पूरी हुई नहीं और अब नई गारंटियाँ देने लगे। कहा था कि हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे, मिला क्या ? हर आदमी की जेब में 15-15 लाख आ जायेंगे, आये क्या ? हमारे किसान उनकी गारंटियों को सच मानकर अपनी खेती-किसानी को सुधारने का सपना देखने लगे, लेकिन उन्हें बाद में पता चला कि यह केवल धोखा था। इसलिये अब सभी से आग्रह है कि इस बार उनकी बातों में बिलकुल नहीं आना है और कांग्रेस को जिता कर देश को बचाना है।

श्री सिंह ने कहा कि 2014 में गुजरात से आकर मोदी जी देश से सिर्फ वायदे ही वायदे किये है। आप सभी स्वयं देख लें कि 10-15 सालों से इस क्षेत्र में भाजपा के सांसद हैं। एक ने भी ऐसा कोई बड़ा काम नहीं किया जिसे जनता देख सके। दिखाने को प्लेटफार्म का सिलान्यास तो कर दिया लेकिन सीधी-सिंगरौली रेल लाइन का काम ठप्प है। ऐसे बहुत सारे काम जो रूके हुए हैं, और आपके सामने हैं। एक समय था जब आदरणीय अर्जुन सिंह दाऊ साहब विंध्य क्षेत्र की पहचान थे। उस समय सबके काम हो जाया करते थे। याद करिये उस समय को, जब उनसे मिलकर कोई भी आदमी खाली नहीं लौटता था।

## संपादकीय

# कोशिका संवाद

हमारा शरीर कोशिकाओं का समूह है और कोशिकाएं परस्पर संवाद करती हैं, यह धारणा पुरानी है और अब वैज्ञानिक इस धारणा का वैज्ञानिक आधार भी सुनिश्चित करने की दिशा में पुख्ता तौर पर आगे बढ़ चले हैं। नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, हमारे शरीर में मौजूद प्रतिरक्षा और स्ट्रोमल कोशिकाओं के बीच परस्पर संवाद होता है, जिसे समझने की विधि का और विकास हुआ है। प्रतिरक्षा कोशिकाएं स्ट्रोमल कोशिकाओं का सहयोग करती हैं और स्ट्रोमल कोशिकाएं भी प्रतिरक्षा या इम्यून कोशिकाओं के साथ मिलकर काम करती हैं। इम्यून कोशिकाएं, मतलब रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं के बारे में हम ज्यादा जानते हैं, पर स्ट्रोमल कोशिकाओं के बारे में जानना दिलचस्प है। ये ऐसी कोशिकाएं हैं, जो सहज शब्दों में अगर समझें, तो ये शरीर में मरम्मत के काम करती हैं। ये अंग संयोजक कोशिकाएं हैं और पूरे शरीर में पाई जाती हैं और कुछ ऐसे अंगों में, जहां कोशिकाओं के निर्माण की लगातार जरूरत है, ये ज्यादा रहती हैं। स्ट्रोमल कोशिकाओं के काम को हम समझें, तो त्वचा को देखना उपयोगी होगा। नई त्वचा नीचे से स्वतः ही ऊपर आकर ऊपरी त्वचा का स्थान लेती है, यह कार्य मुख्यतः स्ट्रोमल कोशिकाओं के मार्फत होता है।अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों के संयुक्त प्रयास से यह शोध संभव हुआ है और इसमें सबसे प्रमुख भूमिका रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की है। वैज्ञानिकों का एक पूरा समूह कोशिकाओं के बीच संवाद को समझने की कोशिश में लगातार जुटा हुआ है और नित नए रहस्योद्घाटन हो रहे हैं। बहरहाल, इम्यून और स्ट्रोमल कोशिकाओं के संवाद से शरीर में जरूरी कोशिकाओं के निर्माण को बल मिलता है। विशेष रूप से सूजन या जलन होने पर इनका संवाद बहुत बढ़ जाता है और स्ट्रोमल कोशिकाएं कुछ ज्यादा ही सक्रियता से अपने काम को अंजाम देने लगती हैं। प्रतिरक्षा-विज्ञानी हालिया खोज से काफी खुश हैं। होमोस्टैसिस में और रोग की प्रगति के दौरान, इन सभी अंतर्क्रियाओं को रेखांकित करने वाले तंत्र को पहचानने से प्रतिरक्षा विकारों के लिए नए, अत्यधिक प्रभावकारी उपचारों को सामने लाने में मदद मिल सकती है। त्वचा, आंत, जोड़ों और फेफड़ों की सूजन संबंधी बीमारियों में नवीन चिकित्सीय क्षमता को बल मिलेगा। हालांकि, रोगों हर चरण में मापने के पैमानों की अभी कमी है, जिससे उपचार में समस्या बनी रहती है। कोशिकाओं का अध्ययन और उनके परस्पर व्यवहार को समझना इसलिए भी जरूरी है, ताकि किसी रोग में होने वाले बदलावों और शरीर के अंदर रोग या विषाणुओं से होने वाली प्रतिरोधक कोशिकाओं की लड़ाई को समझने और हार-जीत को मापने में सुविधा हो। निश्चित ही इससे उपचार पद्धतियों को बल मिलेगा। साफ तौर पर इस जरूरी शोध का मकसद स्ट्रोमल कोशिकाओं और न्यूरॉन्स द्वारा प्रतिरक्षा तंत्र में हमारे ज्ञान का विस्तार करना है। हम अगर कोशिकाओं के बारे में सब कुछ जान पाते हैं, तो इससे चिकित्सा की दुनिया में उपचार के नए तरीकों के सृजन के साथ ही, पुराने तरीकों को बदलने-सुधारने में पर्याप्त मदद मिलेगी। वैज्ञानिक तरह-तरह की कोशिकाओं की पहचान करने में जुटे हुए हैं। उनके हाथ एक ऐसी वैज्ञानिक विधि लग गई है, जिसे 'युलिपस्टिक' कहा जा सकता है, यह मोटे तौर पर एक ऐसी उपयोगी तकनीक है, जिससे अलग-अलग जैविक तंत्र में कोशिकाओं के परस्पर संवाद को समझना संभव है।

# लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र के सबसे बड़े विशाल मंदिर लोकसभा में अपनी आवाज़ बुलंद करने के लिए अपने प्रतिनिधियों का को चयन करनें का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 में अभी मात्र 5 दिन बचे हैं,परंतु अभी उतना उत्साह या जोश नहीं दिख रहा है,परंतु अब आखिरी चार दिनों में चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने की पूरी उम्मीद है।मेरा मानना है कि अभी मतदाता पहले की अपेक्षा बहुत अधिकजागरूक हो गए हैं।भारतीय लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का हक है। बशर्ते वह भारत का नागरिक होना चाहिए। ऐसी उम्मीद की जाती है कि चुनाव में स्वच्छ छवि के लोग आगे आएं ताकि सरकार की बागडोर ईमानदार व्यक्तियों के हाथों में रहे लेकिन हम देखते हैं कि कई नेता ऐसे भी होते हैं जिनके खिलाफ कई प्रकार के मुकदमे दर्ज होते हैं। सामान्य तौर पर कुछ मुकदमे तो द्वेषतावश या किसी परिस्थिति के कारण दर्ज हो सकते हैं।लेकिन अगर किसी के खिलाफ गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज हो तो यह चिंता का विषय है। हमारे देश में कई ऐसे नेता हुए हैं जो न सिर्फ चुनाव जीतने के बाद बल्कि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने के बाद जेल तक पहुंचे हैं। बता दें कई उम्मीदवार जाकर मतदाता के सामने कितनी भी बीन क्यों ना बजा लें, या हरे गुलाबी देकर आए, परंतु आज मतदाता अपने विवेक का उपयोग करता है जिसे जागृत करने में,द एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) तथा नेशनल इलेक्शन वॉच ने आम भूमिका अदा करने की कोशिश की है,क्योंकिएडीआर व एनएडब्लू ने लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव लड़ रहे 102 सीटों के 1625 उम्मीदवारों में से 1618 उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया है,जिसको हर एंगल से उम्मीदवारों, राजनीतिक पार्टियों का भी आंकलन किया है। बता दें कि चुनाव लड़ते समय खुद प्रत्याशियों द्वारा अपने ऊपर लगे आपराधिक प्रकरणों का उल्लेख किया जाता है,चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्रों के साथ शपथ पत्र जमा कराया। इन शपथ पत्रों में सभी तरह की जानकारियां दी गई है। प्रत्याशियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरण और उनकी स्थिति का पूरा ब्यौरा भी स्वयं प्रत्याशियों की ओर से दिया गया है, जिसका विश्लेषण एडीआर ने किया है।जिसमें हैरानी वाली बात यह है कि, लोकसभा चुनाव में पहले चरण में जिन 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा उनमें से 42 सीट यानी 41 फीसद रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं। एडीआर के मुताबिक रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र का अभिप्राय उन सीट से हैं जहां से किस्मत आजमा रहे तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। विश्लेषण के मुताबिक राष्टीय जनता दल (राजद) द्वारा इस चरण के लिए मैदान में उतारे गए सभी चारों उम्मीदवारों केखिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है।तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के 22 उम्मीदवारों में से 13 (59 फीसद), समाजवादी पार्टी के घोषित सात उम्मीदवारों में तीन पर (43 फीसद),तृणमूल कांग्रेस के घोषित पांच उम्मीदवारों में दो (40 फीसद), भाजपा द्वारा घोषित 77 उम्मीदवारों में से 28 (36 फीसद), कांग्रेस द्वारा घोषित 56 उम्मीदवारों में से 19 (34 फीसद) पर आपराधिक मामला दर्ज है। इसी प्रकार आल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की ओर से मैदान में उतारे गए 36 उम्मीदवारों में से 13 (36 फीसद)और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा घोषित 86 उम्मीदवारों में से 11 (13 फीसयद) दागी हैं। चूंकि 19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण के 102 सीटों में 41फ़ीसदी यानें 42 सीटें रेडअलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं जिनको रेखांकित करना समय की मांग है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार!

साथियों बात अगर हम एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा उम्मीदवारों के हलफनामों के विश्लेषण की करें तो, दोनों नें चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण के लिए मैदान में दावेदारी पेश कर रहे कुल 252 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें सात उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या के प्रयास के आरोप शामिल हैं, इन आंकड़ों से पता चलता है कि 161 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर अपराधों के मामले दर्ज होने की घोषणा की है वहीं 18 नेताओं पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं, जबकि 35 पर नफरत फैलाने वाले भाषण (हेट स्पीच) से संबंधित मामले हैं। 1,618 उम्मीदवारों में से 15 ने उन मामलों की घोषणा की है, जिनमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। एडीआर ने शपथ पत्र के आंकलन पर यह रिपोर्ट तैयार की है।रिपोर्ट में ही उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति का भी आंकलन पेश किया गया है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में सात उम्मीदवारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हैं, जबकि 19 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला है। एडीआर के मुताबिक 18 उम्मीदवारों ने अपने हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है, और उनमें से एक पर भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार का आरोप है। संगठन ने बताया कि 35 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर घृणा भाषण देने का आरोप है। राजनीतिक दलों की बात करें, तो राष्टीय जनता दल (राजद) के सभी चार उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है. इस मामले में सबसे कम दागदार उम्मीदवारों वाली पार्टी बसपा है, जिसके 86 उम्मीदवारों में से 11 यानी 13 प्रतिशत पर आपराधिक मामले थे।

साथियों बात अगर हम उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति के आकंलन को देखें तो, पहले चरण में 450 करोड़पति (जिनकी कुल संपत्ति 1 करोड़ से अधिक है) उम्मीदवार हैं, जिनमें से अधिकतम 69 भाजपा से हैं।इसके बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस से 49, फिर अन्नाद्रमुक से 35, द्रमुक से 21, बसपा से 18 हैं। तृणमूल और राजद से चार -चार उम्मीदवारों के पास एक करोड़ से अधिक संपत्ति है। अन्नाद्रमुक के उम्मीदवारों के पास सबसे अधिक औसत संपत्ति 35.61 करोड़ रुपये है। इसके बाद द्रमुक के पास 31.22 करोड़ रुपये, कांग्रेस के पास 27.79 करोड़ रुपये और भाजपा के पास 22.37 करोड़ रुपये हैं। छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नकुल नाथ ने सबसे अधिक 716 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। इसके बाद तमिलनाडु के इरोड से अन्नाद्रमुक प्रत्याशी अशोक कुमार ने 662 करोड़ रुपए की संपत्ति होने की जानकारी दी है। भाजपा के टिकट पर तमिलनाडु के शिवगंगा से किस्मत आजमा रहे देवनाथन यादव टी ने 304 करोड़ रुपए की संपत्ति होने की जानकारी दी है। जबकि अन्नाद्रमु के 36 उम्मीदवारों में 35 (97 फीसद), द्रमुक के 22 में से 21 (96 फीसद), भाजपा के 77 में से 69 (90 फीसद), कांग्रेस के 56 में से 49 (88 फीसद), तृणमूल कांग्रेस के पांच में से चार (80 फीसद) और बसपा के 86 में से 18 (21 फीसद) उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति एक करोड़ रुपए से अधिक होने की जानकारी दी है।

साथियों बात अगर हम पार्टी वाइस उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति का आंकलन देखें तो, पार्टी-वार विवरणरिपोर्ट से यह भी पता चला है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 77 में से 28 (36 प्रतिशत) उम्मीदवारों और कांग्रेस के 56 में से 19 (34 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की है। राष्टीय जनता दल (राजद) के सभी चार (100 प्रतिशत) उम्मीदवार मुकदमों का सामना कर रहे हैं।इस बीच, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), समाजवादी पार्टी (एसपी), ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी), और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के आंकड़े 59 फीसदी, 43 फीसदी, 40 फीसदी और 13 फीसदी हैं। संपत्ति विश्लेषण एडीआर रिपोर्ट से पता चला है कि विश्लेषण किए गए 1,618 उम्मीदवारों में से 450 (28 प्रतिशत) के पास 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति है। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में, भाजपा ने 69 करोड़पति उम्मीदवारों (90 प्रतिशत) को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने 49 करोड़पति उम्मीदवारों (88 प्रतिशत) को नामांकित किया है, इसके अलावा पहले चरण के दस दावेदारों ने अपने हलफनामे में शून्य संपत्ति घोषित की है। चुनाव लड़ने वाले प्रति उम्मीदवार की औसत संपत्ति 4.51 करोड़ रुपये है।विभिन्न दलों के प्रति उम्मीदवार की औसत संपत्ति इस प्रकार है, 77 भाजपा उम्मीदवारों के पास औसतन 22.37 करोड़ रुपये, 56 कांग्रेस उम्मीदवारों के पास 27.79 करोड़ रुपये, 22 डीएमके उम्मीदवारों के पास 31.22 करोड़ रुपये, 4 राजद उम्मीदवारों के पास औसतन 8.93 करोड़ रुपये हैं।7 एसपी उम्मीदवारों के पास औसतन 6.67 करोड़ रुपये और 5 एआईटीसी उम्मीदवारों के पास औसतन 3.72 करोड़ रुपये हैं।सबसे अधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन उम्मीदवार मध्य प्रदेश से कांग्रेस के नकुल नाथ (716 करोड़ रुपये से अधिक), तमिलनाडु से अन्नाद्रमुक के अशोक कुमार (662 करोड़ रुपये से अधिक) और भाजपा के देवनाथन यादव टी (304 करोड़ रुपये से अधिक) हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि लोकसभा प्रथम चरण चुनाव 2024-लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार !उई बाबा !प्रथम चरण के 102 सीटों पर उम्मीदवारों के अपराधिक,गंभीर आपराधिक वह करोड़पति वित्तीय स्थिति का हैरानी भरा आंकलन आया है।19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरणके 102 सीटोंमें 41 फ़ीसदी यानें 42 सीटें रेडअलर्ट निर्वाचन क्षेत्र है,जिसको रेखांकित करना समय की मांग है।

# माता का छठा भव्य, विराट स्वरूप माँ कात्यायनी

**संजीव ठाकुर**

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवें रूप में अबतरित हुई है। यह अमर कोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी,काली, हैमावती, ईश्वरी इन्हीं के अन्य पवित्र नाम भी उल्लेखित हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी उच्चारित किया जाता है। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथमतः किया है।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थी, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गये सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतांजलि के महाभाष्य में किया गया है, जिसे दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में लिखी गयी थी। उनका वर्णन देवी-भागवत पुराण,और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है जिसे 400 से 500 ईसा में लिपि बद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों,

विशेष रूप से कालिका-पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परंपरागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी में उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन %आज्ञा% चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।माँ का नाम कात्यायनी कैसे पड़ा इसकी भी एक कथा है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी माँ भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। माँ भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली।

कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया।

महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी के फलस्वरुप यह कात्यायनी कहलाई।ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहाँ पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं।

आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।माँ कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।माँ कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और भास्वर है। इनकी चार भुजाएँ हैं। माता जी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वरमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।माँ कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। नवरात्रि का छठा दिन माँ कात्यायनी की उपासना का दिन होता है।

इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं।

इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में छठे दिन इसका जाप करना चाहिए।

%या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥अर्थ : हे माँ !

सर्वत्र विराजमान और शक्ति -रूपिणी प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है।

या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ।इसके अतिरिक्त जिन कन्याओ के विवाह में विलम्ब हो रहा हो,

उन्हें इस दिन माँ कात्यायनी की उपासना अवश्य करनी चाहिए,

जिससे उन्हे मनोवान्छित वर की प्राप्ति होती है। विवाह के लिये कात्यायनी मन्त्र-

? कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरि !

नंदगोपसुतम् देवि पतिम् मे कुरुते नमः।।

माँ को जो सच्चे मन से याद करता है उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के पापों को विनष्ट करने के लिए माँ की शरणागत हो कर उनकी पूजा-उपासना के लिए तत्पर होना चाहिए।

## वर्ग पहेली 5341

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | | |
| 8 | | 9 | | | 10 | 11 | |
| | | | | 12 | | | |
| 13 | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | 21 | ■ | ■ | 22 | | |
| 23 | | | ■ | 24 | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. बुलंद दरवाजा अकबर द्वारा यह राज्य जीतने के उपलक्ष्य में बनवाया गया था (4)
4. एक फूल का नाम जो ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है (3)
6. लगातार घंटा बजने का शब्द, एक अंग्रेजी तौल जो 28 मन के बराबर होता है (2)
7. दुर्बोध, कठिन, उलझा हुआ (3)
8. बाहर आना, प्रकट होना, उदित होना (4)
10. यह वैजयंतीमाल कीपहली फिल्म थी (1951), शोभा, सुंदरता (3)
12. मनुज, इंसान, मानव (3)
13. कागज, समाचार पत्र, अखबार (3)
15. देह, काया, जिस्म (2)
17. हानि, नुकसान (2)
18. यह बनारस का पुराना नाम है (2)
19. वर्ष, बरस (2)
20. उपवास, नियम (2)
21. सुगंध, महक, गमम (3)
23. व्याकुल, बेचैन, बेसब्र (3)
24. तड़का, प्रातःकाल, सबेरा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जो किसी गुट विशेष से संबद्ध न हो (6)
2. पिता, पैदा करने वाला, मिथिला के राजवंशियों की एक उपाधि (3)
3. त्यागना, छोड़ना (3)
4. फूल जैसा कोमल अंग वाली या वाला (5)
5. तड़का, झौंक (3)
9. चित्रकला में लता आकृति का अंकन, छोटी लता (3)
11. स्वीकृति या हां करने की क्रिया या भाव (2)
12. आग की लपट जैसा ला, आग से उत्पन्न होने वाला (3)
14. पति के प्रति अनन्य अनुराग एवं भक्ति भाव रखने वाली (4)
16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का एक नाम, बलदेव, बलवीर (4)
19. पदार्थ का मुख्य और मूल अंश, यथार्थ बात (2)
21. विशिष्ट परिस्थिति में, उस समय, इसके पश्चात, तुरंत बाद (2)
22. सूर्य संबंधी, सूर्य से प्राप्त या उत्पन्न (2)

## वर्ग पहेली 5340 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | गो | लि | या | ■ | को | ला | र |
| शा | दा | ब | ■ | श | ह | ना | ई |
| ■ | न | र | मी | ■ | रा | ■ | स |
| प्र | ■ | ल | त | र | ■ | अ | ■ |
| ता | ल | ■ | ■ | त | ह | जी | ब |
| प | ह | ल | ■ | न | ■ | त | ल |
| भा | र | ■ | मी | ■ | मु | ■ | रा |
| नु | ■ | ख | रा | ■ | झे | ल | म |

# मप्रः अपने क्षेत्रों तक सिमटे दिग्गज, नाथ छिंदवाड़ा तक तो, शिव विदिशा और सिंधिया गुना तक सीमित !

**हरीश दिवेकर**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023में प्रदेश की राजनीति की धुरी रहे बीजेपी और कांग्रेस दोनों के ही बड़े नेता इन दिनों सिर्फ अपने चुनाव क्षेत्र तक सीमित हो गए हैं। प्रदेश के राजनीतिक फलक पर इनकी जगह दूसरी पीढ़ी के नेताओं ने ले ली है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सीएम फेस रहे कमलनाथ लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बाद ही छिंदवाड़ा में डेरा डाले हुए हैं। दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे नेता अपने संसदीय सीटों से बाहर नहीं निकल रहे हैं । ये बात और है कि केवल कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के लिए छिंदवाड़ा संसदीय सीट से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

**क्या कहते हैं पूर्व सीएम कमलनाथ** - पूर्व सीएम कमलनाथ कह भी चुके हैं कि जब तक छिंदवाड़ा में वोटिंग नहीं हो जाएगी, तब तक नकुलनाथ को अकेला छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। यहां तक कि कांग्रेस के घोषणा-पत्र को लेकर दो दिन पूर्व कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं की संयुक्त प्रेसवार्ता में भी कमलनाथ नहीं आए। विधानसभा चुनावों में प्रदेश की 200 से ज्यादा सीटों पर पहुंचकर सभाएं लेने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा और भोपाल तक सीमित होकर रह गए हैं।

**विदिशा और भोपाल में क्यों सिमटे मामा** – पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान इन दिनों विदिशा लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी हैं । शिवराज विदिशा के बाहर सिर्फ होशंगाबाद और छिंदवाड़ा में एक-एक बार ही गए हैं। भोपाल में घर होने के कारण यहां जरूर उनकी गतिविधियां नजर आती हैं, लेकिन प्रदेश के दूसरे हिस्सों में न तो वे प्रचार के लिए जा रहे हैं, न ही प्रत्याशियों की ओर से उनकी ज्यादा डिमांड आ रही है।

**सिंधिया को जिताने की जिम्मेदारी तोमर ने ली** - केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। इसके अलावा सिर्फ ग्वालियर में एक दो बार नजर आए हैं। प्रदेश के विधानसभा स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने ग्वालियर-चंबल में डेरा डाल लिया है। मुरैना में उनके करीबी शिवमंगल तोमर, ग्वालियर में भारत सिंह कुशवाह और भिंड से संध्या राय प्रत्याशी हैं। तीनों टिकट तोमर ने दिलवाएं हैं, इसलिए इन्हें जिताने का जिम्मा भी पार्टी ने तोमर के कंधों पर डाल दिया है।

**केवल राजगढ़ में पदयात्रा करने में जुटे दिग्गी** – कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह राजगढ़ में पदयात्रा कर प्रचार में जुटे हैं। इसके अलावा वे सिर्फ भोपाल में सक्रिय हैं। आदिवासियों के नेता कांतिलाल भूरिया लोकसभा चुनाव के पहले से झाबुआ-अलीराजपुर-रतलाम में डेरा डाले हुए हैं। वे अन्य किसी आदिवासी बहुल सीट पर प्रचार करने नहीं निकले।

**चुनावी मैदान में इन नेताओं की बढ़ी सक्रियता** – भाजपा में शिवराज की जगह अब डॉ. मोहन यादव हर दिन प्रदेश के किसी ने किसी सीट पर रैली, सभा और रोड शो करने पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो से चुनाव लड़ते हुए आसपास की लोकसभा सीटों पर भी प्रचार में सक्रिय हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल की सक्रियता चुनाव प्रचार में अधिक बढ़ गई है। कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर प्रचार का सर्वाधिक दारोमदार प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर ही है। उनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा सामूहिक दौरे कर रहे हैं। प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी के कार्यक्रमों में भी यही चारों नेता प्रमुख रूप से नजर आ रहे हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

### वृषभ

व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

### मिथुन

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

### कर्क

रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

### सिंह

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़नेके अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

### कन्या

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

### तुला

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

### वृश्चिक

घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

### धनु

चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है।

### मकर

थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

### कुंभ

कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

### मीन

प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।



# धोनी ने लगातार 3 6 6 6 लगाने के साथ रचा इतिहास

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फैंस को महेंद्र सिंह धोनी का बल्ले से फिर वही पुराना अंदाज देखने को मिला। चेन्नई सुपर किंग्स टीम के पूर्व कप्तान धोनी ने सिर्फ 4 गेंदों का सामना किया लेकिन इसमें से उन्होंने पहली 3 गेंदों को स्टैंड में बैठे फैंस के पास पहुंचाया।

धोनी ने अपनी इस पारी में 500 के स्ट्राइक रेट के साथ 20 रनों की पारी खेली। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई को उसी के होम ग्राउंड पर 20 रनों से मात देने के साथ इस सीजन में अपनी चौथी जीत दर्ज करने में कामयाबी हासिल की। धोनी अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक ऐसा इतिहास भी बनाने में कामयाब हो सके जो अब तक कोई भी भारतीय खिलाड़ी बनाने में कामयाब नहीं हो सका।

### आईपीएल में अपनी पारी की पहली 3 गेंदों पर छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी

महेंद्र सिंह धोनी जब इस मुकाबले में बल्लेबाजी करने उतरे तो उस समय चेन्नई सुपर किंग्स 20वें ओवर की दूसरी गेंद तक 186 रन बना लिए थे। धोनी ने स्ट्राइक लेने के साथ अपनी पारी की पहली गेंद पर लॉन्ग ऑफ की तरफ छक्का लगाया, इसके बाद उन्होंने दूसरी गेंद को लॉन्ग ऑन की तरफ पूरी ताकत से मारते हुए गेंद को फिर छक्के के लिए पहुंचा दिया, जबकि तीसरी गेंद को धोनी ने वाइड लॉन्ग ऑन की तरफ बल्ला घुमाते हुए उसे फिर फैंस के बीच पहुंचा दिया। हालांकि आखिरी गेंद पर धोनी सिर्फ 2 रन ही बनाने में कामयाब हो सके। इस तरह धोनी आईपीएल इतिहास में अब पहले ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने अपनी पारी की पहली 3 गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाए हैं। इससे पहले आईपीएल में सिर्फ 2 ही खिलाड़ी ऐसा करने में कामयाब हो सके हैं और दोनों ही वेस्टइंडीज के हैं।

### पारी की पहली 3 गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

सुनील नारायण - साल 2012 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में ( 12वें ओवर में )

निकोलस पूरन - साल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में ( 16वें ओवर में )

महेंद्र सिंह धोनी - साल 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में ( 20वें ओवर में )

### अब तक 236 के स्ट्राइक रेट के साथ की है बल्लेबाजी

आईपीएल के 17वें सीजन में धोनी ने अब तक 6 मैचों में से 4 में बल्लेबाजी की है, इस दौरान वह एक भी बार जहां आउट नहीं हुए हैं तो वहीं उन्होंने 236 के स्ट्राइक रेट के साथ कुल 59 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी के बल्ले से जहां सिर्फ 4 चौके देखने को मिले तो वहीं उन्होंने 6 छक्के लगाए हैं।

# पलक ने शूटिंग में जीता 20 वां ओलिंपिक कोटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्स्स्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया।



18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

**गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा**

फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

# आईपीएल के लाइव मैच के वीडियो या फोटो पोस्ट करने पर बीसीसीआई ने लगाई पाबंदी !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के मंच पर मैच तो कमाल के होते हैं, लेकिन इसके साथ कई विवाद भी सामने आते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। जब भारत के एक पूर्व बल्लेबाज ने आईपीएल मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए अपनी तस्वीर खींची और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया तब काफी बवाल हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद, पूर्व भारतीय बल्लेबाज को बीसीसीआई स्टाफ द्वारा पोस्ट को हटाने के लिए कहा गया। अब बीसीसीआई ने कमेंटेटर्स, खिलाड़ियों और टीमों पर आईपीएल मैच के दौरान फोटो, वीडियो बनाने या अपलोड न करने का निर्देश दिया है।




अगर फिर भी कोई नियमों का उल्लंघन करना है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ खिलाड़ियों ने हाल ही में मैच के दिनों की तस्वीरें शेयर की थी और उन्हें इन पोस्ट को डिलीट का निर्देश दिया गया था। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक आईपीएल टीम ने मैच का लाइव वीडियो स्ट्रीम कर दिया था, जो कि नियमों का उल्लंघन है और बीसीसीआई ने उस पर 9 लाख का जुर्माना लगाया था।

आईपीएल ब्रॉडकास्टर ने मैच टेलीकास्ट राइट्स के लिए बीसीसीआई को हजारों करोड़ रूपए दिए हैं और इसलिए फोटो और वीडियो पर उन्हीं का अधिकार है।

## आईपीएल : 2024

# 12 साल बाद रोहित ने लगाया शतक



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के धाकड़ खिलाड़ी रोहित शर्मा ने नाबाद 105 रनों की पारी खेली। आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था।

इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई। रोहित शर्मा आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए जिन्होंने नाबाद शतक तो लगाया, लेकिन उनकी टीम मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई। रोहित अपनी शतकीय पारी में 63 गेंद में 105 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के भी लगाए। रोहित के अलावा सीएसके के खिलाफ और कोई भी खिलाड़ी कमाल नहीं दिखा सके।

### सीएसके के लिए पाथिराना ने गेंदबाजी में किया कमाल

सीएसके खिलाफ मैच में जब मुंबई की टीम 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी तो रोहित शर्मा ने ईशान किशन के साथ मिलकर टीम को दमदार शुरुआत दिलाई, लेकिन ईशान किशन के आउट होने के साथ ही मुंबई की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई।

खास तौर से तेज गेंदबाज मथिसा पाथीराना के खिलाफ तो मुंबई के बल्लेबाजों की हालत बहुत ही खराब हो गइ

मैच में पाथिराना ने दमदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाथिराना सीएसके के लिए आईपीएएल में चार विकेट झटकने वाले सबसे यंगेस्ट प्लेयर भी बने। पाथिराना ने यह कारनामा 21 साल 118 दिन की उम्र में किया।

### 17वें सीजन में मुंबई को मिली चौथी हार

हार्दिक पंड्या की कप्तानी में 17वें सीजन में खेल रही मुंबई इंडियंस को चौथी हार का सामना करना पड़ा।

शुरुआती तीन मैचों में मिली हार के बाद मुंबई ने दिल्ली और आरसीबी के खिलाफ जीत हासिल कर दमदार वापसी की थी, लेकिन एल क्लासिको मुकाबले में उसे एक बार फिर से हार का मुंह देखना पड़ा।

# टी-20 विश्वकप के बाद मेजर लीग में खेलेंगे ट्रैविस हेड



**मुम्बई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड टी-20 विश्व कप के बाद आराम करने की बजाय मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सत्र में खेलने के लिए स्टीवन स्मिथ के जुड़ेंगे। हेड इस समय सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में खेल रहे हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को समाप्त होगा। उन्होंने टी-20 विश्वकप के बाद ऑस्ट्रेलिया में आराम करने की बजाय वाशिंगटन फ्रीडम के साथ अनुबंध करके मेजर लीग में खेलने का विकल्प चुना है।

टी-20 विश्वकप के बाद सितंबर में इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। हेड और स्मिथ फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के तहत खेलेंगे, जिन्होंने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली थी। फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की।

उन्होंने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन में दो विदेशी खिलाड़ियों को बरकरार रखा। हेड के साथ स्मिथ, एडम ज़म्पा ( लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ), स्पेंसर जॉनसन ( नाइट राइडर्स ) और टिम डेविड ( एमआई न्यूयॉक ) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर इरफान पठान ने उठाए सवाल, कहा- उन्हें गेंदबाज पर भरोसा नहीं...



**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने गेंदबाज आकाश मधवाल पर भरोसा नहीं है।

बता दें, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 206 रन बोर्ड पर लगाए थे, सीएसके को 200 के पार पहुंचाने में महेंद्र सिंह धोनी का अहम रोल रहा था जिन्होंने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बटोरे थे। धोनी ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ यह रन बटोरे थे। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या के इसी ओवर को लेकर सवाल उठाए हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हार्दिक शुरू से ही एक कप्तान के रूप में अच्छे नहीं रहे हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल को आखिरी ओवर फेंकना था और वह बॉलिंग मार्क तक पहुंच गए थे। हालांकि, हार्दिक ने गेंद उनके हाथ से ले ली और खुद को गेंदबाजी करने का फैसला किया। धोनी ने उन्हें चार गेंदों में 20 रन पर ठोके और यही उनकी हार का अंतर था। पठान आगे बोले, जब श्रेयस गोपाल ने रचिन रवींद्र को आउट किया तो हार्दिक को उनसे एक और ओवर कराना चाहिए था। हालांकि, हार्दिक ने खुद को मौका दिया और 15 रन दिए। हार्दिक को यह समझना होगा कि अन्य गेंदबाज भी हैं जो उनके लिए काम कर सकते हैं। यदि वह उन पर भरोसा नहीं करता है, तो एक कप्तान के रूप में उसके सफल होने का कोई रास्ता नहीं है। इसफान पठान पांड्या को इसी के साथ यह राय दी कि वह डेथ स्पेशलिस्ट नहीं है उन्हें पारी के अंत के ओवर नहीं करने चाहिए।

इस पठान ने पांड्या की कप्तानी को लेकर एक पोस्ट भी किया, एक्स पर उन्होंने लिखा, हार्दिक पांड्या का आखिरी ओवर में गेंदबाजी करना आकाश मधवाल में उनके भरोसे की कमी को दर्शाता है।

# बुंडेसलिगा में बेयर लेवरकुसेन की खिताबी जीत

**बर्लिन, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख द्वारा लीग पर 11 साल तक लगातार दबदबा बनाए रखने के बाद, बेयर लेवरकुसेन ने आखिरकार रविवार को वेर्डर ब्रेमेन को 5-0 से हराकर बुंडेसलीगा का खिताब जीत लिया।



29वें राउंड के समापन पर वेर्डर ब्रेमेन पर शानदार जीत के बाद, लेवरकुसेन ने पांच राउंड शेष रहते हुए अपना पहला बुंडेसलीगा खिताब जीता। रिपोर्ट के अनुसार, मैच की शुरुआत से ही लेवरकुसेन ने अपना पक्ष हावी रखा और लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की।

लेवरकुसेन के प्रयासों का फल तब मिला जब विक्टर बोनीफ़ेस ने 22वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। फिर, वेर्डर ब्रेमेन ने कई बार कोशिश की लेकिन मेजबान टीम का दबदबा कायम रहा। लेवरकुसेन के गोलकीपर लुकास ह्राडेकी ने कई शानदार बचाव किए।

दूसरे हाफ में एक बार फिर लेवरकुसेन ने अटैक करना शुरू किया और ग्रैनिट ज़ाका ने 60वें मिनट में टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने 68वें मिनट में एक शक्तिशाली शॉट के साथ टीम की बढ़त 3-0 की। इतना ही नहीं उन्होंने हैट्रिक जमाते हुए 83वें और 90वें मिनट में अपनी टीम के लिए ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ लेवरकुसेन प्रतियोगिताओं में 43 मैचों से अजेय के अपने रिकॉर्ड पर कायम है। टीम के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसमें इस सीज़न में बुंडेसलीगा में 29 मैचों की अजेय श्रृंखला शामिल है। साथ ही उन्होंने अपने नाम रिकॉर्ड 79 अंक अर्जित किए हैं। फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने कहा, मुझे अभी भी एहसास नहीं हो रहा है कि हमने क्या हासिल किया है। जोनास हॉफमैन ने कहा, यह अविश्वसनीय है और इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैंने इसे सपने में भी नहीं सोचा था। अलोंसो की टीम इस सीज़न में दो और खिताब जीत सकती है क्योंकि यूईएफए यूरोप लीग और जर्मन कप अभी भी उनकी दावेदारी में हैं।

**टोक्यो में लाल था; कंपनी बोली- ट्रैक मैटीरियल से एथलीट्स की परफॉर्मेंस सुधरेगी**

# पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी कलर में देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओलिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल था।



पेरिस ओलिपिंक के एथलेटिक्स ट्रैक के मटेरियल इटली में तैयार किया गया है। 1976 के बाद से ओलिंपिक के लिए ट्रैक तैयार करने वाली कंपनी मोंडो का मानना है कि ट्रैक पहले से ज्यादा बेहतर होंगे। इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी।

टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड और 10 ओलिंपिक रिकॉर्ड बने थे। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज एलेन ब्लोंडेल ने कहा कि पेरिस में टोक्यो से ज्यादा रिकॉर्ड बनेंगे।

पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। भारत को टोक्यो में पहली बार एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के लिए ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में पहली बार मेडल जीता था। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल ने एहतियात के तौर पर लगाए प्रतिबंध हटाए



**जेरूसलम, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार तड़के कहा कि ईरान के शनिवार रात के हमले से पहले एहतियात के तौर पर लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले से पहले इजराइल ने शनिवार को सभी शैक्षणिक गतिविधियों और बड़े आउटडोर समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि स्थिति के आकलन के बाद रविवार मध्यरात्रि से इन प्रतिबंधों को हटाने का फैसला किया गया। बयान में कहा गया है, अब पूरे इज़राइल में शैक्षिक गतिविधियों को बहाल कर दिया गया है और सभाओं पर से भी प्रतिबंध हटा दिया गया है।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी में भूस्खलन से 14 ग्रामीणों की मौत



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में चार घर भूस्खलन में दब गए। शनिवार की आधी रात से लगातार हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। मुहारी ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी पहाड़ी दक्षिण मकाले गांव में एक लापता ग्रामीण की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, बिजली की कमी, क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण ताना तोराजा के ऊंचे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

### ईरान के हमले के बाद जी7 ने इजरायल के प्रति पूर्ण समर्थन जताया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को वर्चुअल मुलाकात की और इजरायल और उसके लोगों के प्रति पूर्ण एकजुटता और समर्थन जताया और इसकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान में उन्होंने कहा, हम जी7 के नेता इजरायल के खिलाफ ईरान के सीधे और अभूतपूर्व हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। ईरान ने इजरायल की ओर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागीं। मगर इजरायल ने अपने सहयोगियों की मदद से ईरान को हरा दिया। जी7 देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ-साथ यूरोपीय संघ भी शामिल हैं। उन्होंने बयान में कहा, हम इजरायल और उसके लोगों के प्रति अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन व्यक्त करते हैं और इसकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल पर हमला शुरू करके ईरान ने क्षेत्र को अस्थिर करने की दिशा में कदम बढ़ाया है और एक बेकाबू क्षेत्रीय तनाव को भड़काने का जोखिम उठाया है। इससे बचा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वे गाजा में संकट को खत्म करने के लिए हमारे सहयोग को मजबूत करेंगे, जिसमें तत्काल और स्थायी युद्धविराम व हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की दिशा में काम करना और जरूरतमंद फिलिस्तीनियों को बढ़ी हुई मानवीय सहायता प्रदान करना शामिल है। राष्ट्रपति बाइडेन ने इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अलग से बात की। बाइडेन ने एक बयान में कहा : मैंने उनसे कहा कि इजरायल ने अभूतपूर्व हमलों से भी बचाव करने और उन्हें हराने की उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया है - अपने दुश्मनों को एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि वे प्रभावी रूप से इजरायल की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाल सकते।

# लाहौर जेल में सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले कैदी आमिर तनबा की गोली मारकर हत्या




**लाहौर , एजेंसी।** यहां रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आमिर तनबा की हत्या कर दी, जो 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार था। आमिर तनबा लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर के बाहर खड़ा था, उसी वक्त कम से कम दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरबजीत सिंह के हत्यारे आमिर तनबा की हत्या को भाड़े के हत्यारों द्वारा की गई बदले की हत्या के तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, गोली लगने से आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने यह भी दावा किया कि आमिर को पिछले कुछ दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। आमिर पर अपने साथी कैदी मुदासिर मुनीर के साथ अप्रैल 2013 में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। बताया गया कि दोनों कैदियों ने लाहौर की कोट लखपत जेल में यातनाएं देकर सरबजीत सिंह को मार डाला। लेकिन 15 दिसंबर 2013 को हत्या के सभी गवाहों के अपने बयान से मुकर जाने के बाद अदालत ने आमिर और मुनीर दोनों को बरी कर दिया, जिस कारण आरोपियों को रिहा कर दिया गया। लाहौर की कोट लखपत जेल के कैदियों आमिर और मुनीर ने सरबजीत पर हमला किया और उसे यातनाएं देकर मार डाला। कुंद वस्तुओं और ईंटों से की गई यातना से सरबजीत के सिर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें लाहौर के जिन्ना अस्पताल लाया गया और कम से कम पांच दिनों तक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रखा गया। बाद में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन के मेडिकल बोर्ड ने सरबजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया था।अन्य रिपोर्टों से यह भी संकेत मिलता है कि सरबजीत सिंह की कैदियों द्वारा यातना के पहले दिन ही जेल से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई और वास्तविक घटना पर पर्दा डालने के लिए मामले को और अधिक खींचा गया। सरबजीत सिंह को 1990 के दशक के दौरान लाहौर और फैसलाबाद में सिलसिलेवार बम विस्फोटों में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आतंकवाद और जासूसी का दोषी ठहराया था। लाहौर उच्च न्यायालय ने पहले उसे मौत की सजा सुनाई, जबकि शीर्ष अदालत में अपील बाद में खारिज कर दी गई और 1991 में मौत की सजा बरकरार रखी गई।

**कैसे दिया वारदात को अंजाम :** सूत्रों के मुताबिक, सरबजीत की हत्या के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी अमीर सरफराज तांबा पर इस्लामपुरा इलाके में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। तांबा के परिवार के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर उनके घर आए और ऊपरी मंजिल पर खड़े तांबा को गोली मार दी।

रिपोर्ट में कहा गया कि तांबा के शरीर पर चार गोलियां लगीं। दो गोलिया तांबा की छाती और दो पैरों में लगीं। हमला करने वाले एक बंदूकधारी ने हेलमेट पहन रखा था तो दूसरे ने चेहरे पर नकाब डाल रखा था। दोनों गोली चलाने के बाद घटनास्थल से भाग गए। सूत्रों की मानें तो तांबा कारावास के दौरान जेल के अंदर मोबाइल फोन सहित सभी सुविधाओं का आनंद लेता था।

**तांबा के बारे में जानिए :** सरफराज जावेद का बेटा तांबा का जन्म 1979 में लाहौर में हुआ था। वह लश्कर संस्थापक का करीबी सहयोगी था। कहा जाता है कि हाफिज ने सरबजीत सिंह की हत्या के लिए तांबा को सम्मानित भी किया था। लाहौर का असली डॉन के नाम से कुख्यात तांबा ट्रकेनवाला गिरोह का हिस्सा था। वह संपत्ति व्यापार और मादक पदार्थों की तस्करी का काम करता था। वह हाल ही में गिरोह के एक सदस्य अमीर बालाज टीपू के साथ झड़प में शामिल था। टीपू लाहौर में एक शादी के रिसेप्शन के दौरान मारा गया था।

**लाहौर की सेंट्रल जेल में हुई थी सरबजीत की हत्या :** दरअसल, भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

## सिडनी के मॉल में हमलावर के निशाने पर थीं महिलाएं पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक मॉल में हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं। पुलिस का कहना है कि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं। साथ ही घायलों में भी 12 महिलाएं ही हैं।

**क्या हमलावर के निशाने पर थीं सिर्फ महिलाएं :** शनिवार को सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में एक हमलावर ने लोगों पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया था। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। वहीं घायलों में एक 9 महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस की फायरिंग में हमलावर मौके पर ही ढेर हो गया था। हमले की वजह अभी तक साफ नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि हमलावर अकेला था। फिलहाल हमले से संबंधित ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

न्यू साउथ वेल्स स्टेट पुलिस के कमिश्नर केरेन वेब ने मीडिया को बताया कि यह स्वभाविक है क्योंकि हमलावर ने पुरुषों को छोड़कर महिलाओं को ही निशाना बनाया। सबूत भी यही कह रहे हैं कि हमलावर के निशाने पर महिलाएं थी। हम भी इस एंगल से जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि सिडनी के मॉल में हुए हमले में सिर्फ एक पुरुष की मौत हुई है, जो कि मॉल का सुरक्षाकर्मी था।

**किसी विचारधारा से प्रेरित होकर हमला करने के नहीं मिले सबूत :** जांच में हमलावर की पहचान जोएल काउची (40 वर्ष) के रूप में हुई है। हमले के दौरान ही एक महिला पुलिसकर्मी ने गोली मारकर हमलावर को ढेर कर दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी काउची को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधी परेशानी थी और अभी तक हमले के पीछे किसी विचारधारा से प्रेरित होकर हमले के सबूत नहीं मिले हैं।

## अप्सरा के अवतार में नजर आईं कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी

**कंबोडिया, एजेंसी।** कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे अपने नए रूप को लेकर चर्चाओं में हैं। दरअसल कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देवयानी की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वे पारंपरिक परिधानों को पहने हुए 'खमेर अप्सरा' के रूप में दिख रही हैं। बता दें कि कंबोडिया में सबसे बड़ा पारंपरिक त्योहार 'खमेर नव वर्ष' मनाया जा रहा है। तीन से चार तक चलने वाले इस त्योहार के दौरान कंबोडिया में सार्वजनिक अवकाश होता है। इसे देखते हुए देवयानी खोब्रागडे ने 'खमेर अप्सरा' की वेशभूषा में लोगों को शुभकामनाएं दीं।

भारतीय राजदूत देवयानी खोब्रागडे ने कंबोडिया की खमेरी संस्कृति और परंपरा के प्रति गहरा प्रेम जताया है। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास का कहना है कि इस परंपरा के प्रति सम्मान जताते हुए राजदूत ने खमेर अप्सरा का रूप धरा और लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही भारतीय दूतावास द्वारा एक्स पर कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं, जिनमें देवयानी पारंपरिक परिधान पहने हुए नजर आ रही हैं।

कंबोडिया में नए साल को खमेर नव वर्ष रूप में मनाया जाता है। तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव के लिए पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह उत्सव पारंपरिक सौर नव वर्ष पर आधारित है और 13 अप्रैल या 14 अप्रैल को मनाया जाता है।

## इस्राइल से युद्ध विराम के लिए हमास का नया प्रस्ताव, कहा- पहले जंग रोकें, फिर बंधकों की रिहाई



**यरुशलम, एजेंसी।** हमास-इस्राइल के बीच जल रही जंग को करीब छह महीने से ज्यादा का समय हो गया है। फिर भी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हमास ने मध्यस्थों के सामने संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई के लिए एक प्रस्ताव रखा है। उसकी मांग है कि इस्राइल 129 बंधकों में से किसी की भी रिहाई से पहले छह सप्ताह के युद्ध विराम का पालन करे। हालांकि, इस्राइल द्वारा रखे प्रस्ताव को हमास ठुकरा चुका है, तो ऐसे में देखना होगा कि इस समझौते पर इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का क्या रुख होगा। बताया जा रहा है कि हमास ने शनिवार देर रात अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को खारिज कर दिया था। बाद में, उसने नया प्रस्ताव सामने रखा।

**हमास ने रखीं ये मांगें :** रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्ताव में हमास ने मांग की है कि इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) गाजा में सभी हमलों को रोक दे और शहरी क्षेत्रों से छह सप्ताह के लिए पीछे हट जाए। इससे विस्थापित फलस्तीनी उत्तर में लौट सकेंगे। समझौते में यह भी कहा गया है कि छह सप्ताह की समाप्ति के बाद ही किसी भी बंधक को रिहा किया जाएगा। इतना ही नहीं हमास ने यह भी कहा है कि हर इस्राइली नागरिक के लिए 30 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ना होगा। इसके अलावा, 50 फलस्तीनी कैदियों को हर बंदी सैनिक के लिए रिहा करने की मांग की है। बता दें, 50 कैदियों में से 30 आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। गौरतलब है, हमास ऐसा समझौता पहले भी रख चुका है, जिसे इस्राइल ने खारिज कर दिया था।

**अपनी मांगों पर हमास अड़ा :** एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, इससे पहले शनिवार को हमास ने इस्राइल के बंधक समझौते और संघर्ष विराम पर बात की और अपनी मांगों पर अड़े रहकर प्रस्ताव खारिज कर दिया। उसका कहना है कि वह स्थायी युद्धविराम, गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी, उत्तरी गाजा और अन्य क्षेत्रों में फलस्तीनियों की वापसी, मानवीय सहायता में वृद्धि और पट्टी के पुनर्निर्माण की शुरुआत के लिए अपनी मूल मांगों पर कायम है।

**इस्राइल-हमास के बीच कई माह से जंग जारी :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## जो बाइडन और नेतन्याहू की बातचीत के बाद ठंडे पड़ गए तेवर, ईरानी हमलों के बाद भी इजरायल चुप



**येरुशलम, एजेंसी।** अरब देशों से अकेले ही निपटने के लिए मशहूर रहा इजरायल आखिर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद भी ज्यादा आक्रामक क्यों नहीं है और बदले की बात पर चुप क्यों है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में फिलहाल यह सवाल अहम है। इजरायल पर आरोप था कि उसने सीरिया में ईरान के कौंसुलेट पर अटैक किया था और उसके टॉप जनरल समेत 12 लोगों को मार डाला था। इसका बदला लेने की धमकी देते हुए ईरान ने उस पर रातोंरात हमला किया और करीब 300 ड्रोन एवं मिसाइल दागे। इनमें से ज्यादातर को इजरायल ने आसमान में ही मार गिराया, लेकिन कुछ मामूली नुकसान भी हुआ है। इजरायल की प्रतिष्ठा के लिहाज से ईरान का हमला एक चुनौती की तरह है। ईरान ने यह भी कहा है कि यदि आप फिर से पलटकर अटैक करेंगे तो फिर उसका भी माकूल जवाब मिलेगा। फिर भी इजरायल अब ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका ने सक्रिय तौर पर युद्ध में उतरने से इनकार कर दिया है। रविवार को इजरायल की वॉर कैबिनेट की मीटिंग थी। इसमें ज्यादातर सदस्यों ने ईरान से बदला लेने पर सहमति जताई। लेकिन यह बदला कब और कैसे लिया जाए, इसे लेकर स्पष्टता नहीं दिखी। बेंजामिन नेतन्याहू की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय वॉर कैबिनेट के कुछ लोगों ने कहा कि हमें बदला लेने के लिए हमला कर देना चाहिए।

**गरम थे तेवर, पर बाइडेन से बातचीत के बाद पड़े ठंडे :** इस मीटिंग के बाद फिर बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात की। जो बाइडेन ने स्पष्ट किया कि वह हथियारों और अन्य मदद से इजरायल के साथ हैं, लेकिन अमेरिका सक्रिय तौर पर उसकी ओर से युद्ध में नहीं उतरेगा। उसके बाद से ही इजरायल का रुख थोड़ा ठंडा पड़ गया है। दरअसल इजरायल की यह खासियत रही है कि वह अपनी जंग को वैश्विक रूप देने में सफल रहा है।

## नौ मई तक बखमुत के पास के शहरों पर कब्जा करना चाहता है रूस, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर का दावा



**कीव, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ने रविवार को दावा किया कि रूसी बलों ने नौ मई तक चासिव यार शहर पर कब्जा करने का लक्ष्य रखा है। रूसी हमलों को देखते हुए यह शहर अखाड़े के लिए तैयार हो गया है। बता दें, पूर्वी हिस्सों पर कब्जा करने के लिए यह शहर महत्वपूर्ण है।

**चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश :** इस सप्ताह के अंत में कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की ने चेतावनी दी थी कि पूर्व में स्थिति काफी खराब हो गई है। अब उन्होंने फिर एक बार कहा कि रूस क्रामटोरस्क शहर की ओर बढ़ने से पहले चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश करेगा। इसके लिए वह अपने कब्जे वाले बखमुत के पश्चिम में ध्यान दे रहा है। गौरतलब है, बखमुत से 5-10 किलोमीटर दूर दोनेत्स्क क्षेत्र में चासिव यार स्थित है। पिछले साल मई में रूसी सेना ने बखमुत को अपने कब्जे में लेकर तबाह कर दिया था।

**खतरा लगातार बना है :** उन्होंने बताया कि कीव की ब्रिगेड चासिव यार के पास हमलों को रोकने में लगी हुई है। सेना को गोला-बारूद, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों के साथ मजबूत किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि खतरा लगातार बना हुआ है। रूस की सेना ने अपने सैनिकों को नौ मई तक चासिव यार पर कब्जा करने का काम सौंपा है।

**रक्षा मंत्री ने यूक्रेनी इकाइयों का दौरा किया :** यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने रविवार को पूर्वी मोर्चे पर यूक्रेनी इकाइयों का दौरा किया। उन्होंने हालातों को तनावपूर्ण बताया, जहां बखमुत के पास के प्रमुख शहरों पर कब्जा करने के लिए रूस आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि दुश्मनों की संख्या अधिक होने के बावजूद हमारे रक्षक अपने साहस और प्रशिक्षण के जरिए लगातार कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

**रूसी हमले के बाद जंग और तेज हुई :** बता दें, रूस नौ मई को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में रेड स्क्वायर पर एक बड़ी सैन्य परेड कर सकता है। हाल के हफ्तों में रूस ने यूक्रेनी बिजली संयंत्रों और सबस्टेशनों पर तीन बड़े हवाई हमले किए, जिससे जंग और तेज हो गई है। रूस की सेना ने बीते माह में मध्य यूक्रेन के शहर क्रीवी रिह में मिसाइल हमला किया था।

## अफगानिस्तान और पाकिस्तान में बाढ़, बिजली गिरने से 57 की मौत, 250 से ज्यादा पशुओं की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भारी बारिश और बिजली गिरने से 57 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दोनों देशों में हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए तो 250 से ज्यादा पशुओं की भी मौत होने की खबर है। जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है। तालिबान के प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि बाढ़ ने राजधानी काबुल व देश के कई अन्य प्रांतों को प्रभावित किया है। बाढ़ से लगभग 800 हेक्टेयर की फसलें नष्ट हो गई हैं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल व कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में तेज बारिश हो सकती है। तालिबान शासित अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ के कारण तीन दिन में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गए हैं। जबकि 600 से ज्यादा घर बाढ़ में बह गए। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और भी अधिक तबाही की आशंका जताई है। ऐसा अनुमान है कि अफगानिस्तान के 34 प्रांतों पर प्राकृतिक आपदा का खतरा मंडरा रहा है।

प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गयी है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गयी है। सैक ने बताया कि बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गयी है और 85 किलोमीटर से अधिक की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में आने वाले दिनों में और बारिश का अनुमान जताया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 16 अप्रैल 2024 | 8


**लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा। जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।**



## जनजातीय समाज के कल्याण और विकास की चिंता मोदी नें किया : जर्नादन



**रीवा।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सांसद जर्नादन मिश्रा नें त्योंथर विधानसभा के बरेती कला, इटौरा, परसिया, गढ़ी, घटेहा, बरहा, सोहर्वा गाँव में जनसंपर्क कर आमजनों से नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनानें की अपील करते हुए, कहा कि भाजपा सरकार नें विगत दस वर्षो में जनजातीय समाज के लिए सबसे अधिक कार्य किया है। यह चुनावी समय है आपको बरगलाने, बहकानें के लिए अनेक लोग आयेंगे। परन्तु आप सब जानते हैं, नरेन्द्र मोदी ही ऐसे नेता हुए हैं, जिन्होनें गरीबों के लिए काम किया है। कांग्रेस के लोग झूठ बोल के लंबे समय तक आपको ठगते रहे, परन्तु आपके भले के लिए कुछ नहीं किया। आदिवासियों के कल्याण हेतु मोदी सरकार और प्रदेश सरकार नें अनेक योजनाओं को जमीन पर उतारते हुए आपके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए काम किया है, आदिवासियों के लिए पेशा एक्ट लागू कर दिया है, जो जनजातीय भाई बहनों को सामाजिक समरसता पूर्ण जीवन खुशहाल कर रहा है। हम जानते हैं कि इस अंचल के हर वर्ग के लोगों ने देश की स्वतंत्रता के लिये काम किया था। यह वीरों की जननी है। भाजपा सरकार नें आपके क्षेत्र में सुंदर और अच्छी सड़के बनायी हैं, जिससे अब आपके लिए कहीं आना-जाना आसान हो गया है। स्वास्थ्य सुविधा से लेकर हर वह काम जिससे ग्रामीण क्षेत्र शहरी सुविधाओं से परिपूर्ण हो किया है। रीवा जिलें में जिस तेजी से विकास हो रहा है, लोग कहनें लगे हैं कि रीवा राकेट की गति से तेज विकास की ओर आगे बढ़ रहा है।

रीवा सांसद नें कहा कि कांग्रेस नें दशकों तक राज किया लेकिन कभी जनजातीय समाज को मुख्य धारा में नहीं आनें दिया। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार नें जनजातीय कल्याण के लिए विशेष मंत्रालय व जनजातीय आयोग का गठन किया। कांग्रेस पार्टी झूठ की मशीन है, उसे विकास नजर नहीं आता है, जो सिर्फ चुनाव के समय राजनीति करते हैं। उन्हे सामाजिक सरोकार से वास्ता नहीं है, आपका एक-एक वोट मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनानें के लिए पड़े मैं तो मोदी जी का सिपाही हूँ और आपका सेवक हूँ । मैं हमेशा आपके बीच खड़ा रहता हूँ परन्तु तिलिस्मी महल में रहनें वाले आपसे मिलनें में भी गुरेज करेगे। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कांग्रेस नें जनता के साथ सिर्फ वादा खिलाफी की: दिव्यराज सिंह**

सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह नें सेमरिया अंचल के विभिन्न गांवों में भाजपा प्रत्याशी जर्नादन मिश्रा के पक्ष में चुनावी जनसंपर्क करते हुये कहा कि भाजपा कि केन्द्र और राज्य सरकार नें हर वर्ग की चिंता करते हुए संबल योजना से लेकर लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई, गरीब का बेटा, बेटी भी पढनें के लिए विदेश भी जा सके उसकी भी व्यवस्था की प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी नें मताओं - बहनों को उज्जवला गैस का कनेक्शन देकर उन्हे चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलायी है। चाहे प्रधानमंत्री आवास हो चाहे हर घर नल से जल पहुंचानें का काम हो हर गरीब के सपनें को पूरा करनें का काम किया है। कांग्रेस पार्टी आज मुद्दा विहीन है, इसलिए चुनाव में अनर्गल व झूठे वादे कर रही है।

**16 अप्रैल को मनगवां विधानसभा के रामपुर सर्किल मण्ड़ल में करेंगे भ्रगण**

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जर्नादन मिश्रा 16 अप्रैल को मनगवां विधानसभा के सोनवर्षा, कोट, मौहरिया, भीर, अकौरी, दूबी, देवरी सेंगरान, बधवा कोठार, बेला कमोंद, कशियारी गांव, खर्रा में चुनावी जनसंपर्क करेंगे।

## गंभीर अनियमितता में बिलाबाँग स्कूल रीवा का कार्यालय किया गया सीज

**रीवा।** शासन द्वारा निजी स्कूलों को उनकी स्कूल ड्रेस के अलावा किसी अन्य सामग्री पर स्कूल का नाम अथवा लोगो अंकित न करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही स्कूल से किताबों, कॉपी तथा अन्य सामग्री की बिक्री न करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश का पालन न करने तथा स्कूल का नाम लिखे लोगो लगे बैगों की बिक्री करते पाए जाने पर बिलाबाँग स्कूल चोरहटा रीवा के प्राचार्य का कक्ष एवं कार्यालय सीज कर दिया गया है।

शासन द्वारा स्कूल ड्रेस के अलावा अन्य किसी भी सामग्री में स्कूल का नाम अंकित न करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कई अभिभावकों द्वारा बिलाबाँग स्कूल के नाम लिखे तथा मोनो लगे बैग अग्रसेन बुक डिपो द्वारा बिक्री की शिकायत की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मामले में संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर जाँच के निर्देश दिए। टीम द्वारा अग्रसेन बुक डिपो के संचालक से इस संबंध में बयान लिया गया। बयान में बताया गया कि बिलाबाँग स्कूल के बैग स्टीफन स्टोन एकेडमी द्वारा सप्लाई किए जा रहे हैं। इस कंपनी का पता बिलाबाँग स्कूल दर्ज मिला। टीम द्वारा मौके पर जाँच करने पर स्टीफन स्टोन एकेडमी कहीं संचालित नहीं पाई गई। प्राथमिक रूप से स्पष्ट हुआ कि इसका संचालन बिलाबाँग स्कूल से ही किया जा रहा है। प्रिंसिपल कक्ष के पीछे के कक्ष में स्कूल का नाम लिखे एवं लोगो लिखे कई बैग बरामद किए गए। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य एरिक स्वामी तथा स्कूल के संचालक अंकुर काकवानी एवं आशीष काकवानी को नोटिस दिया गया। इनके द्वारा नोटिस का उत्तर नहीं दिया गया है। स्टीफन स्टोन एकेडमी से जुड़े कागजात जाँच पूरी होने तक सुरक्षित रखने के लिए प्रिंसिपल का कक्ष तथा कार्यालय सीज कर दिया गया है। यह कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी आरडी चौधरी तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला द्वारा की गई। कार्यवाही के समय थाना प्रभारी चोरहटा भी उपस्थित रहे।

## सीमावर्ती जिलों में भी मतदान और मतगणना में शराब बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन में संसदीय क्षेत्र रीवा में 26 अप्रैल को तथा संसदीय क्षेत्र सीधी में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। इन दोनो जिलों में मतदान से 48 घंटे पहले शराब की बिक्री, भण्डारण तथा परिवहन पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मतगणना दिवस 4 जून को भी शराब की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ-साथ आसपास के जिलों तथा उत्तरप्रदेश राज्य के मिर्जापुर, चित्रकूट एवं प्रयागराज जिलों की सीमावर्ती शराब दुकाने मतदान के 48 घंटे पहले तथा मतगणना दिवस पर बंद रहेंगी। इस संबंध में सहायक आबकारी आयुक्त अनिल जैन ने बताया कि सीधी संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। इस तिथि से सीधी और सिंगरौली जिलों से जुड़ी उत्तरप्रदेश के प्रयागराज एवं मिर्जापुर जिलों की तीन किलोमीटर परिधि की मदिरा दुकाने 17 अप्रैल को शाम 6 बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसी तरह रीवा और सतना संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। रीवा, मऊगंज और सतना जिलों की सीमा में उत्तरप्रदेश के चित्रकूट, मिर्जापुर तथा प्रयागराज जिलों की तीन किलोमीटर की परिधि की शराब दुकाने 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। मतगणना दिवस 4 जून को भी ये सभी दुकाने मतगणना पूरी होने तक बंद रहेंगी। इन अवधि में शराब की बिक्री, परिवहन, भण्डारण, शराब वेयरहाउस तथा बॉटलिंग प्लांट भी पूरी तरह से बंद रहेंगे।

## प्रशिक्षण की हर जानकारी गंभीरता से आत्मसात करें : मुख्य कार्यपालन अधिकारी



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान के लिए तैनात मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के 4 केन्द्रों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण टीआरएस कालेज, मॉडल साइंस कालेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा विधि महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में दिया जा रहा है। विधि महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन मतदान कर्मियों को निर्देशित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी मतदान की महती जिम्मेदारी के लिए तैनात किए जा रहे है। चुनाव प्रशिक्षण में दी गई हर छोटी से छोटी जानकारी को मतदान कर्मी गंभीरता से आत्मसात करें। प्रशिक्षण जितनी तन्मयता से प्राप्त किया जाएगा कार्य उतनी ही सुगंमता से होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की जिज्ञासा अथवा शंका हो तो उसका समाधान कर लें। मतदान कर्मियों को आयोग के निर्देशों के अनुसार समस्त सुविधाएं दी जायेगी। निर्भय होकर मतदान प्रक्रिया संचालित करें।

उन्होंने कहा कि सभी मतदान कर्मी मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दें। मतदान केन्द्र की व्यवस्था, वोटिंग मशीन के संचालन, माकपोल, मत पत्र लेखा तैयार करने, प्रपत्र 16 की जानकारी तैयार करने तथा मतदान केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पूरी दक्षता प्राप्त कर लें। पूरी निष्पक्षता और निडरता के साथ मतदान सम्पन्न कराएं। प्रशिक्षण में किसी तरह की लापरवाही सहन नही की जाएगी। मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान सामग्री जमा करने तक की अवधि में सभी मतदान कर्मी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। पीठासीन अधिकारी को मतदान केन्द्र में अपने दल का आगे बढ़कर नैतृत्व करना है। केन्द्र की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन आयोग द्वारा सभी तरह के वैधानिक अधिकार दिए गए हैं। मतदान में किसी तरह की कठिनाई आने पर मौके में पीठासीन अधिकारी को ही निर्णय लेना होगा। इसलिए प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें।

## कलेक्टर ने 7 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 7 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने अवधराज उपाध्याय उर्फ अप्पी निवासी सोनरा थाना चोरहटा, रामसिया यादव निवासी डिहिया उर्फ नरसिंगपुर थाना गोविंदगढ, अमित तिवारी निवासी कोष्टा, विक्रम साहू उर्फ काली निवासी कृष्ण नगर थाना बिछिया, संजीव कोल निवासी बिड़वा थाना चोरहटा, बलराम उर्फ लकी सिंह निवासी गुढ़ वार्ड क्रमांक 12 तथा रामजी लोनिया निवासी दुआरी थाना गुढ़ को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।

## उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना तथा सरसों उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की समुचित व्यवस्था करें। उपार्जित गेंहू का उसी दिन परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। सभी सहकारी समितियों को उपार्जन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन न करने तथा लापरवाही बरतने वाली समितियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उसे दूर कराने का प्रयास करें। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन गोदामो को ब्लैकलिस्टेड किया गया है उनमे उपार्जित गेंहू का भण्डारण न कराएं। कलेक्टर ने कहा कि अपर कलेक्टर भी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। खरीदी केन्द्रों एवं गोदामों की मैपिंग गूगल शीट में करके उसके माध्यम से निगरानी करें। उपार्जन से जुड़े अधिकारियों की प्रतिदिन गूगल मीट के माध्यम से बैठक लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उपार्जन केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण और समय पर किसान को भुगतान सुनिश्चित कराएं।

## लापरवाह पंचायत सचिव निलंबित

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने त्योंथर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मनिका के ग्राम पंचायत सचिव अशोक कुमार तिवारी को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत की गई है। गांव में अनुपयोगी तथा खुले बोरवेल को बंद न कराने तथा इस संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन में लापरवाही बरतने एवं भ्रामक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर यह कार्यवाही की गई है। श्री तिवारी का निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय त्योंथर निर्धारित किया गया है। श्री तिवारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## कलेक्टर ने खुले बोरवेलों को बंद करने के दिए आदेश

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी अनुपयोगी और खुले बोरवेलों को मजबूत लोहे के ढक्कनों से बंद करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, सीएमओ, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उप संचालक कृषि तथा तहसीलदारों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अपने कार्यक्षेत्र के अनुपयोगी बोरवेल, कुंओं तथा अन्य खतरनाक जल स्त्रोतों को मजबूत ढक्कन से बंद कराकर तीन दिवस में निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बोरवेल के खुले रहने, उसकी क्रेसिंग पाइप निकाल लेने अथवा पानी न रहने पर उसे खुला छोड़ देने पर इनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे रोकने के लिए इन्हें बंद करने के तत्काल उपाय कराएं।

कलेक्टर ने कहा है कि विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के लिए बड़ी संख्या में बोरवेल बनाए गए हैं। इनमें से जो बोरवेल अनुपयोगी हो गए हैं उनकी सूची बनाकर उन्हें मजबूती से बंद करने के उपाय करें। उनमें मजबूत कैप लगाएं। निजी भूमि स्वामियों द्वारा भी यदि बोरवेल, कुंआ अथवा अन्य जल स्त्रोत अनुपयोगी मानकर खुले छोड़ दिए गए हैं तो उनकी भी सूची बनाकर उन्हे लोहे के कैप से बंद कराने अथवा पाटने की कार्यवाही कराएं। जो कुंएं बिना जगत के हैं उनमें भी दुर्घटना की आशंका रहती है। ऐसे कुंओं को जाली लगाकर बंद कराएं। समस्त कार्यवाही तीन दिवस में सुनिश्चित कर एसडीएम के माध्यम से नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## ईव्हीएम की कमीशनिंग आज से

**रीवा।** रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराने के लिए ईव्हीएम व्हीव्हीपैट मशीनें तैयार की जा रही हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि द्वितीय रेण्डमाइजेशन के बाद ईव्हीएम मशीनों का विधानसभावार तथा मतदान केन्द्रवार निर्धारण कर दिया गया है। इन मशीनों की बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाकर कमीशनिंग का कार्य 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा तथा 21 अप्रैल तक चलेगा। कमीशनिंग का कार्य 17 एवं 18 अप्रैल को नहीं होगा। यह कार्य शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए कक्षों में किया जाएगा। कमीशनिंग के बाद मशीनें मतदान केन्द्र के क्रमानुसार स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारित की जाएंगी। सभी सहायक रिटर्निंग आफीसरों की निगरानी में कमीशनिंग का कार्य होगा। इस कार्य के लिए तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। बिना प्रवेश पत्र के किसी को भी कक्ष में प्रवेश नहीं मिलेगा। कमीशनिंग किए जाने वाले हाल में मोबाइल फोन का ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कक्ष में जाने से पूर्व अपने मोबाइल फोन कक्ष के बाहर ही सुरक्षित रखवाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों से भी कमीशनिंग के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## जुमलेबाज नेताओं को जनता देगी इस बार जवाब : नीलम

### गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



**रीवा।** लोकसभा क्षेत्र रीवा की प्रत्याशी श्रीमती नीलम अभय मिश्रा ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न ग्रामीण अंचलों में कहा है कि पूरे देश में एक नई क्रांति आ चुकी है और जुमलेबाज नेताओं से लोग किसी प्रकार अब मुक्ति चाह रहे हैं। 400 पार का नारा देने वाले नेताओं को जनता सबक सिखाना चाह रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार का आम चुनाव देश के भविष्य के साथ जुड़ चुका है। एक-एक वोट अत्यंत कीमती है। आपको इस बार एक ऐसी सरकार को चुना है जो देश को बचाएं, संविधान को सुरक्षित रख सके। इन्होंने कहा कि जिस जनप्रतिनिधि के हवाले अपने रीवा संसदीय क्षेत्र को 10 सालों तक दे रखा था उसके पास यह जवाब नहीं है कि उन्होंने बीते 10 सालों में किसी गांव के लिए 5 लाख रुपए भी खर्च किये हो। वोट उन्हें गांव से मिलते हैं और गांव की दुर्दशा देखने के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने आम जनता से पूछा कि क्या ऐसे व्यक्ति को ही चुना जाना चाहिए जो भ्रष्टाचार में लिप्त हो और क्षेत्र की जनता से दूरी बनाकर रखता हो ।इन्होंने कहा कि इस इलाके में कई औद्योगिक संस्थानों की स्थापना हुई लेकिन आज की स्थिति में स्थानीय लोगों को कहीं रोजगार नहीं मिल रहा है, श्रीमती नीलम अभय मिश्रा ने लोगों से कहा है कि क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए वह पूरी समर्पित भाव से काम करेंगे ताकि यहां युवा पलायन करने की बजाय यहीं पर काम भी करें और अपना घर परिवार भी देखें। इस बीच गुढ़ क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कपिध्वज सिंह ने दुख जताते हुए कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने कुछ नहीं किया है।

श्री सिंह ने कहा कि पिछले 10 सालों में विकास के नाम पर केवल संबंधित जनप्रतिनिधियों ने अपने विकास पर विशेष ध्यान दिया है। जनता को अच्छे तरीके से यह सब मालूम हो चुका है। इन्होंने कहा कि रीवा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस क्षेत्र से कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी का चुनाव किया है जो अपने आप में ऐतिहासिक है।

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लापरवाहों पर की कार्यवाही

**रीवा।** गत दिवस त्योंथर विकासखण्ड के ग्राम मनिका में खुले बोरवेल में गिरने से 6 वर्षीय बालक की दुखद मौत हो गई। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 13 अक्टूबर 2023 तथा जिला पंचायत कार्यालय रीवा द्वारा 16 अक्टूबर 2023 एवं 7 मार्च 2024 को अनुपयोगी तथा खुले नल एवं बोरवेल तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए गए थे। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इन निर्देशों का पालन कराने के संबंध में प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया था। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने ग्राम मनिका में अनुपयोगी और खुले बोरवेल से हुई दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए पंचायत समन्वयक अधिकारी प्रेम कुमार मिश्रा तथा मनिका के ग्राम रोजगार सहायक विकास मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833